हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025



### छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती की थीम पर बन रही झांकी

# विसर्जन झांकियों में दिखेगा ऑपरेशन सिंदूर रजत जयंती सहित धार्मिक प्रसंगों की झलक

## संस्कारधानी में श्री गणेशोत्सव की धूम, सजावट की जगमगाहट से हुआ शहर रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देशभर में गणेश विसर्जन के अवसर पर निकलने वाली चलित झांकियों को लेकर प्रख्यात संस्कारधानी में एक तरफ जहां श्री गणेशोत्सव की धूम है। पूजा पंडालों सहित घर-घर में गणनायक की विधि-विधान से पूजा-अर्चना का दौर जारी है। वहीं दूसरी ओर दो दर्जन से अधिक समितियों की विसर्जन झांकियों की तैयारियां जोर-शोर से जारी है। हर साल अपने नई-नई थीम की झांकियां दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इस बार भी ऐसी ही कई झांकियां तैयार हो रही है, जो अपनी भव्यता के साथ ही नई थीम के चलते लोगों को आकर्षित करने वाली है।

खास बात यह है कि इस वर्ष झांकियों में छग राज्य के 25वीं वर्षगांठ यानी रजत जयंती के परिप्रेक्ष्य में जहां लोक संस्कृति से रचा बसा छत्तीसगढ़ महतारी का दृश्यांकन होगा। वहीं ऑपरेशन सिंदूर, कल्कि अवतार, नागलोक, भगवान इन्द्र का सिंहासन डोलते सहित कई धार्मिक प्रसंग की झलक होगी। इधर पुलिस विभाग ने भी झांकी की रात को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। अफसर-कर्मी की तैनाती को लेकर रोडमैप तैयार किए जाने के साथ ही गणेश समितियों को दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके है। ज्ञात हो कि संस्कारधानी में वर्षों से चली आ रही परंपरानुसार श्री गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। पूजा पंडालों में आकर्षक एवं भव्य मूर्तियां दर्शनार्थियों को भाव विभोर कर रही है। विद्युत सज्जा से शहर चकाचौंध है। श्रद्धा भक्ति का माहौल निर्मित है।





### छह की रात निकलेगी झांकियां

ज्ञात हो कि हर साल गणेश विसर्जन की रात को ही शहर में चलित झांकिया निकाली जाती है। इस बार भी परंपरा अनुसार आगामी छह सितंबर की रात को शहर में विसर्जन झांकियां निकाली जाएगी।

### कुछ झांकियां बाहर से भी आएंगी

इस वर्ष शहर में लगभग 30 विसर्जन झांकियां निकाले जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। कई समितियों द्वारा बाहर से झांकियां मंगवाई जाएगी। वहीं कुछ समिति द्वारा स्थानीय स्तर पर झांकियों का निर्माण किया जा रहा है। खास बात यह है कि हाल ही के समय चक्र एवं धार्मिक प्रसंगों पर आधारित नयनाभिराम झांकियां दर्शकों का मन मोह लेगी।

### चलित मूर्तियां और भव्य आर्च होंगे आकर्षण का केन्द्र

बताया गया कि झांकियों में भव्य आर्च, चलित मूर्तियां और प्रसंगों की आवाज समाहित होगी। विशेषकर मूर्तियों के फिनिशिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आकर्षक विद्युत सज्जा से चकाचौंध कर देने वाले इन झांकियों को जीवंत रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। कई झांकियां तीन जीपों पर निर्माण हो रही है, जो दर्शनार्थियों को भाव विभोर कर देगी। बाजे-गाजे व धुमाल के साथ निकलने वाली इन झांकियों की तैयारियां लगभग अंतिम चरणों में है। संभावनाएं जताई जा रही है कि इस वर्ष लगभग 30 विसर्जन झांकियां शहर में निकलेगी। बहरहाल इन दिनों श्री गणेशोत्सव की धूम है। बड़ी संख्या में दर्शनार्थी शाम होते ही पूजा पंडालों में पहुंच रहे हैं।

### लोककला-धार्मिक प्रसंग का जीवंत होगा दृश्यांकन

उत्सव से जुड़े लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक तिरंगा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ की 25वीं वर्षगांठ के परिप्रेक्ष्य में लोककला, संस्कृति की छंटा बिखेरती छत्तीसगढ़ महतारी का दृश्यांकन किया जाएगा। इसी तरह बाल समाज में देश भक्ति से परिपूर्ण ऑपरेशन सिंदूर, बस स्टैंड में रामायण प्रसंग पर कुंभकरण से वीर हनुमान का युद्ध एवं राम-लक्ष्मण का दृश्यांकन, उमंग मंडल, खाटू श्याम प्रभु, नवरत्न मंडल दशानन का नवग्रह के साथ युद्ध , सुमति मंडल कमल नयन, महावीर मंडल वीर हनुमान के सामने सूर्यदेव, अष्टविनायक रामेश्वरम पूजा व गिलहरी का योगदान, आजाद चौक भगवान इंद्र का सिंहासन डोलते, ब्राह्मणपारा नरसिंह अवतार, शीतला मंदिर सोनारपारा क्षेत्र से देवी मां पर आधारित रक्तबीज , शांतिनगर से कल्कि अवतार सहित अन्य समितियों द्वारा धार्मिक प्रसंग पर मनमोहक झांकियां निकाले जाने की तैयारियां की जा रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक
LIMITED TIME, UNLIMITED FAYDE.




MARKETED BY FOR ONE MEDIA
New Launch | Bulk Purchase | Combos | Spot Booking | Upto 60% Off & More
BATHWARE • TILES • STONES • PLY-LAM-VENEER • HARDWARE • WINDOWS & MORE
KOHLER | fima CARLO FRATTINI | Nexion | haique | HÄFELE | ETERNIA | hansgrohe | Oyster
FlexStone | axiSTONE | EVEREST PLY | VOX | CERAMUSE | RAVS | icon | FRANKE
OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Near Jio BP Petrol Pump, Devpuri +91 85188 82010
BILASPUR Vyapaar Vihar Chowk +91 85188 82030
JAGDALPUR Chitrakote Road +91 85188 82020
SUNDAY OPEN
Follow us for Latest Updates

## खबर संक्षेप

### महिलाओं के अधिकार पर कार्यशाला



**डोंगरगढ़।** रानी अवंतीबाई लोधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रामाटोला में महिलाओं के संवैधानिक अधिकार विषय पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उषा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मनोज रंगारी के निर्देशन में किया गया। कार्यशाला में वक्ता के रूप में हितेन्द्र कोसरे, अधिवक्ता अशोक पाण्डेय, सहायक जेल अधीक्षक राहुल गंगराले, अधिवक्ता लुनकरण उके, प्रो नम्रता परीक्षा शामिल हुई। प्रथम दिवस प्रभारी प्राचार्य रंजना राम ने पुष्प गुच्छ भेंट कर हितेन्द्र कोसरे का स्वागत किया गया। संचालन डॉ. संगीता रंगारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ज्योतिबाला बारसागढ़े ने किया।

### हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं पीएम उषा प्रभारी डॉ आरआरकोचे, महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आशा चौधरी के नेतृत्व में महिला विकास पर आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को हर्बल गुलाल बनाने की जानकारी दी गई। कार्यशाला के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। महिला समूह रूसे की अध्यक्ष जमुना साहू ने छात्राओं को प्राकृतिक तरीके से गुलाल बनाने की जानकारी दी। उन्होने बताया कि प्राकृतिक गुलाल त्वचा को सुरक्षित रखता है। हर्बल गुलाल बनाने के लिए अखरोट पाउडर का उपयोग किया जाता है।इस गुलाल को बनाने में मात्र 70 से 80 रुपए खर्च आता है। पलास के फूलों से गुलाल बनाया जाता है। गुलाल बनाने के बाद उसे अच्छे से सूखाना पड़ता है। प्राकृतिक सामग्री से गुलाल बनाना अत्यंत सहज है। गुलाल निर्माण को रोजगार का माध्यम बनाया जा सकता है। अंत में श्रीमती साहू को सम्मानित किया गया। कार्यशाला में बीए अंतिम वर्ष एवं एमए की छात्राएं शामिल हुई। संचालन डॉ. नीता राजपुत तथा अनिमा मिंज एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सपना परिहार ने किया।

### खेल सामग्री से प्रतिमा निर्माण



**डोंगरगढ़।** शहर के डिपरापारा में भौंरा, जाली, बांस, गिल्ली डंडा और कंचा से हस्तनिर्मित गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई है। यह प्रतिमा बच्चों और खिलौनों को कलात्मक रूप से जीवंत करती हैं। यह मूर्ति छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और खिलौनों से लगाव को दर्शाती हैं। श्री साईं गणेश उत्सव समिति डिपरापारा एवं व्यापारी संघ गणेश उत्सव समिति ने लोगों ने पंडाल में आकर दर्शन करने का आव्हान किया है।

### अग्र गौरव अलंकरण से वंश सम्मानित



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अग्र अलंकरण समारोह में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के सुपुत्र वंश अग्रवाम्को एमबी में दो बार गोल्ड मेडल मिलने पर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक संपतलाल अग्रवाल, राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, सियाराम अग्रवाल आदि ने वंश को अग्र गौरव अलंकरण से सम्मानित किया।



### पल्लवी पढ़ेगी पटना मेडिकल कॉलेज में

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता राजूसिंह राजपूत की पुत्री पल्लवी सिंह का एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए चयन हुआ है। वह पटना मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लेने रवाना हो गई है। उसकी सफलता पर कांग्रेस जनों ने पल्लवी सिंह को बधाई दी है।

### रोपवे 16 तक बंद रहेगा

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित रोप वे मरम्मत कार्य के चलते 28 अगस्त से 16 सितंबर तक बंद रहेगा। उल्लेखनीय है कि आगामी 22 सितंबर से एक अक्टूबर तक क्वांर नवरात्रि पर्व है। इस दौरान लाखों की संख्या में दर्शनार्थी देवी दर्शन करने आते है जिसे ध्यान में रखते हुये रोप-वे

**।। वक्रतुंड महाकाय, सूर्य कोटि समप्रभ, निर्विघ्नं कुरू मे देव, सर्वकार्येषु सर्वदा ।।**



नवरत्न मंडल, वार्ड-15



गणेश परिवार, अहिर पारा



सिद्धी विनायक मंडल, कॉलेज रोड़



नवदुर्गा उत्सव समिति, कॉलेज रोड़



आराध्य मंडल, जेन्ट्स क्लब मैदान



शिव मंडल, बीटीआई के पास

## सालाना साधारण आमसभा का आयोजन

# सभी जिला सहकारी बैंकों में एटीएम लगाने की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की 48वीं वार्षिक साधारण आमसभा का आयोजन शुक्रवार को बैंक प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने की। आमसभा में बड़ी संख्या में अंशधारी सदस्य समेत बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा मौजूद रहे।

इस अवसर पर राधेलाल साहू, मिथिलेश दुबे, हरसिंह पुरानेए मिनेश साहू, गुहराराम बंजारे, श्रवण चंदेल, अरुण साहू, लक्ष्मी चंद्राकर, शशिकांत द्विवेदी एवं बैंक कार्यक्षेत्र के चारों जिले के समितियां के प्राधिकृत अधिकारी उपस्थित थे।



### 137 समितियों का गठन प्रस्तावित

इसी तारतम्य में जिला सहकारी केन्दीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के कार्यक्षेत्र में 137 नवीन सहकारी समितियों का गठन किया जाना प्रस्तावित है, ताकि ग्रामीणों एवं कृषक सदस्यों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ प्राप्त हो सके। बैंक के कार्यक्षेत्र में खरीफ वित्तीय वर्ष 2024-25 में 264364 कृषकों का प्रधानमंत्री फसल बीमा किया गया। साथ ही छग प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने किसानों को उनके द्वारा विक्रय किए धान पर 1581 करोड़ 31 लाख 81 हजार रुपए कृषक उन्नति योजना की राशि प्रदान की गई है। कृषकों के हित में लिए गए इस निर्णय के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री एवं छग शासन का आभार व्यक्त किया।

### ग्राहकों को सुविधा मुहैया कराना लक्ष्य

इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष बघेल ने कहा कि ग्राहकों की बदलती आवश्यकता परंपरागत बैंकिंग प्रणाली परिवर्तन का कारण बना है। आपका यह बैंक भी अपने कार्यप्रणाली में नित नए परिवर्तन एवं सुधार कर रहा है। जिससे ग्राहकों एवं कृषकों को बेहतर सेवा प्रदान कर संतुष्ट किया जा सके। वर्तमान में बैंक की कुल 45 शाखाएं बैंक के कार्यक्षेत्र के 4 जिलों कमशः राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई व मोहला-मानपुर-चौकी में संचालित है। जिनमें 41 शाखाओं में एटीएम स्थापित किया गया है एवं इसका विस्तार कर सभी शाखाओं में एटीएम लगाने की योजना है।

# तीजा पोला महिला सम्मेलन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

रजत महोत्सव के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को वनांचल स्थित साल्हेवारा के सामुदायिक भवन में तीजा पोला तिहार महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

आयोजन में प्रमुख रूप से महिला बाल विकास विभाग की सभापति ज्योति जंघेल, उमा चौबे, जिलापंचायत प्रतिनिधि व जिला मंड़ल उपाध्यक्ष निजाम मांडवी, मनोज अग्रवाल जनपद सदस्य मन्नू मरकाम के अलावा पंचायत के सरपंच, पंच, विभागीय जिलाधिकारी परियोजना, अधिकारी सेक्टर के पर्यवेक्षक सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका और बड़ी संख्या में समूह की बहनो नें कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### बच्चों को किया पुरस्कृत

कार्यक्रम में महिलाओं के लिए चल रही योजना की विस्तृत जानकारी, सखी सेंटर के बारे में मिशन शक्ति के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों के द्वारा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति और कुछ अन्य प्रतियोगिता रखा गया था। जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खाद्य पदार्थ के रेडी टू ईट से बनने वाले खाद्य पदार्थ की प्रदर्शनी, तीजा फुलेरा सहित शिव पार्वती की पूजा अर्चना कर उत्सव उल्लास से मनाया गया।

# ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए सुयश के नाम की अटकलें

**डोंगरगांव।** मंडल, बूथ लेबल में फेरबदल के बाद ब्लाक कांग्रेस में भी बदलाव की अटकले शुरू हो गई है। पिछले दिनों जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने बैठक लेकर कार्यकर्ताओ की राय जानने का प्रयास किया था। इसी बैठक मे पांच नेताओं ने अध्यक्ष बनने की इच्छा व्यक्त किया था। अटकलों के बीच ऐसी चर्चा है कि अध्यक्ष के पद पर जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा का मनोनयन हो सकता है।

जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान के समक्ष जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष टिकेश साहू, ब्लाक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष मदन साहू, सुयश नाहटा, सदस्य रोहित सोनकर ने अपना दावा पेश किया था। एक से अधिक दावेदारों के नाम सामने आने के बाद श्री खान ने वन टु वन चर्चा कर कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने का प्रयास किया था।

### पेनल तैयार

कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक और उनकी पसंद को ध्यान मे रखते हुए तीन नामों का पेनल तैयार किया गया है जिसमे कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष टिकेश साहू और जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा का नाम शामिल होने की चर्चा है। कहा तो यह भी जा रहा है कि जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू का नाम भी पेनल में शामिल है।

### अब नजर राजधानी पर

पेनल बनने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रायपुर या दिल्ली में तय होने वाले नाम की घोषणा होने का इंतजार है। कांग्रेस संगठन में विधायक की पसंद को महत्व देने की परम्परा को देखते हुए कहा जा रहा है ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा के नाम पर मुहर लग सकती है हालांकि विधायक की गुड बुक में टिकेश साहू का नाम भी शामिल है। बदली परिस्थिति और मौजूदा जरूरत के लिहाज से श्री नाहटा को परफेक्ट माना जा रहा है।

### उदयपुर में रजत जयंती कार्यक्रम

**छुईखदान।** उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर में प्राचार्य श्रीश कुमार पांडे की उपस्थिति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी विजयारानी थवाईत के निर्देशन में छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के उपलक्ष में पुस्तक वाचन एवं स्पीड रीडिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने कम समय में ज्यादा जानकारी तेजी से समझ कर पढ़ना, व समझना और पुस्तक वाचन किया गया। इस अवसर पर सीआर साहू, एमएल जंघेल, रेणु चौबे, अनुराधा सिंह, चंद्रकांत साहू, तामेश्वर साहू, सत्यप्रकाश महिलकर, रजवंतिन साहू, टोमिन वर्मा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# माई की नगरी में विराजे विघ्नहर्ता

**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में चतुर्थी को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ विघ्नहर्ता श्री गणेश की स्थापना किया गया। ढोल-नगाड़ों की थाप और गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गलियां- मोहल्ले गूंज उठे थे। विभिन्न समितियों और सामाजिक संगठनों ने आकर्षक पंडालों का निर्माण कर गणेश प्रतिमा स्थापित किया है। प्रतिदिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में पंडालों में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। इस महापर्व के लिए समितियों ने विशेष तैयारियां की हैं। नगर प्रमुख पंडालों में स्टार क्लब बुधवारी पारा, प्रगति मंडल बुधवारी पारा, विनर क्लब भगतसिंह चौक, गरीबी रेखा समिति भगतसिंह चौक, गणेश उत्सव समिति कालकापारा तथा दुर्गा पंडाल रेलवे चौक में आकर्षक मूर्ति और साज-सज्जा श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। अंतिम दिवस विशाल विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें नगर की नौ से 10 झांकियां शामिल होने की संभावना है।



# भादी अमावस महोत्सव में ट्विंकल के भजनों ने बांधा शमा

- राणी सती मंडल ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में राणी सती मंडल के तत्वावधान में भादी अमावस का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

झुंझुनू वाली राणी सती दादी के भादो अमावस महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के पहले दिन प्रकाश बिंदल परिवार के घर पर राणी सती दादी के भव्य विग्रह की स्थापना और पूजा अर्चना की गई जिसमें महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

दादी जी का श्रंगार कर मेहंदी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। दूसरे दिन सुबह मारवाड़ी धर्मशाला से शोभायात्रा निकालकर दादी के विग्रह को लाया गया। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में दादी के भक्त शामिल हुए। मारवाड़ी धर्मशाला में सर्वप्रथम पूजन अर्चन कर दादी जी की धोक पूजा की गई जो दिन भर अनवरत चलती रही।



### बच्चों की सराहनीय प्रस्तुति

इस अवसर पर सती मंडल ने दुर्ग की भजन गायिका ट्विंकल खेमुका पारख के भजन व मंगल का पाठ का आयोजन किया। दोपहर 2 बजे प्रारंभ कार्यक्रम शाम 7 बजे तक अनवरत चलते रहा। कार्यक्रम में ट्विंकल के भजनों ने समां बांधा। सती मंडल ने आकर्षक भव्य झांकियां भी प्रस्तुत की जिसमें पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर की भव्य नाटिका का प्रस्तुतीकरण मनमोहक रहा। बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की एकता और अखंडता का परिचय दिया। वहीं ट्विंकल ने अच्छे ढंग से दादी जी के मंगल पाठ का वाचन किया । अंत में दादी जी की आरती की गई। तत्पश्चात महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## जयंती पर स्कूल-कॉलेजों में विविध आयोजन, खेल में उनके योगदानों को सभी ने किया याद

# हॉकी के जादूगर को खिलाड़ियों और छात्रों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

स्थानीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद के चित्र में माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। प्राचार्य डॉ एके धमगाये ने इस वर्ष के खेल दिवस की थीम एक घंटा खेल के मैदान में के बारे प्रतिभागियों को अवगत कराया एवं जीवन में खेल के महत्व को बताया। सहायक प्राध्यापक डॉ सीके साहू ने हॉकी के जादूकर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी दी। क्रीड़ा विभाग ने बैडमिंटन एवं शतरंज का आयोजन किया जिसमें विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया । प्रतिभागियों को संस्था प्रमुख ने मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान किया। बैडमिंटन पुरुष वर्ग में आदित्य शर्मा, वेदांशु साहू, महिला वर्ग में हर्षिता साहू और डाली नेताम, शतरंज पुरुष वर्ग में ऋषि अहीर, क्रांति धरमगुड़ी एवं महिला वर्ग में प्रियंका पटेल व इतेश्वरी साहू क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय रहे। कार्यक्रम का संचालन अतिथि क्रीड़ा अधिकारी रोशन लाल पटेल ने किया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ आशाराम साहू, प्रियांकी गजभिए, गौतम नेताम आदि उपस्थित थे।




### नीरज स्कूल में निकली रैली

नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में उत्साह के साथ मनाई गई। बच्चों को ध्यानचंद के बारे में जानकारियाँ दी गई। बच्चों ने उत्साह के साथ रैली में भाग लेते हुए हर घड़ी हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान का नारा लगाया। बच्चों की रैली को एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य सुश्री अंजुम जहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि खेल को भाईचारे की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार या जीत दो पहलू होते हैं, जिसे स्वस्थ मन से स्वीकार करना चाहिए। उन्होने हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदानों को अविस्मरणीय बताया। प्राचार्य सुश्री जहान ने खेल प्रतिभाओं का जिक्र करते हुए बच्चों को बेहतर खेल खेलने की सलाह दी। इस मौके पर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटडिया, समीर पोद्दार, कुंतल बाजपेयी, जी राम सिन्हा मौजूद थे। छात्रों ने खेल भावना को लेकर विचार रखे। यह जानकारी एलआर कदम ने दी।




**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आरके देवांगन की अध्यक्षता में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने 1928, 1932 और 1936 में भारत को ओलम्पिक में स्वर्ण पदक दिलाया था। आजादी के पश्चात भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से अलंकृत किया था। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष के तहत स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी थे। कार्यक्रम में टीएल देवांगन, रीना बोरकर, बिंदु पटेल, बिंदु साहू की उपस्थिति में साक्षी, डिंपल, रूपाली, दीपाली, डामेंद्र, खिलेश्वरी आदि ने भाग लिया।

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डा अंजना ठाकुर के निर्देशन में 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं खेल दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य ने बताया कि मेजर ध्यानचंद प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी थे। उन्होंने अपनी प्रतिभा को देश के युवाओं हेतु समर्पित कर राष्ट्रीय गौरव प्राप्त किया इसलिए उनके जन्म दिवस को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।इसी कड़ी में डा. हेमलता विरदी ने खेल पर अपने विचार प्रकट किए।खेल अधिकारी मोनिश खान ने खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया। इस दौरान भारतीय संस्कृति परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पूजा धनकर को मेडल देकर सम्मानित किया गया।संचालन एवं आभार प्रदर्शन शुभि जैन ने किया। इस मौके पर हरवंस चौरगे,चन्द्रकांत कुंभकार, ओमप्रकाश सहारे, डा काव्या जैन, डा.संजू सिंह, कंचन साहू, योगिता ठाकुर, हिमानी साहू के अलावा फलेश्वरी, वासनी, गुलाब, शिवकुमार, गोवर्धन, दामिनी आदि उपस्थित थे।






# डॉग स्क्वायड-बम निरोधक दस्ते ने जांची शालीमार और एर्नाकूलम ट्रेन के डिब्बों में संदिग्ध वस्तुएं, आग लगने पर बचाव की परखी तैयारी

## जिला पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन प्रबंधन और सुरक्षा बल ने किया मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के बाद शुक्रवार को स्थानीय पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल ने मिलकर रेलवे स्टेशन में मॉकड्रिल किया। इस दौरान डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते ने ट्रेनों के कोच में जाकर संदिग्ध वस्तुओं की जांच की। पार्किंग एवं मालखाने में आग लगने पर जल्द से जल्द उस पर काबू पाने की तैयारियों को भी परखा गया।



रेलवे स्टेशन राजनांदगांव में आज आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने हेतु मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन में संपन्न हुआ। मॉकड्रिल के दौरान बड़ी संख्या में अफसर-कर्मचारी शामिल रहे। जिनमें स्टेशन मास्टर राजेश बर्मन, आरपीएफ प्रभारी इंस्पेक्टर तरुणा साहू व स्टाफ, जीआरपी प्रभारी जनक लाल तिवारी व स्टाफ, चिखली थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव व स्टाफ, तुमड़ीबोड़ थाना प्रभारी दिलीप पटेल, बम स्क्वाड प्रभारी रमेश कुमार सोनवानी व स्टाफ, कोतवाली थाना निरीक्षक योगेश पटेल व स्टाफ, फायर स्टेशन प्रभारी हवलदार विमल दास वैष्णव व टीम सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### दो ट्रेन में ड्रिल, जिज्ञासा से देखते रहे यात्री

गाड़ी संख्या 18029 कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस के कोच बी-5 में डॉग स्क्वायड एवं बम निरोधक दस्ते के साथ संदिग्ध वस्तु एवं मादक पदार्थों की जांच की गई। गाड़ी संख्या 22816 एर्नाकुलम–बिलासपुर एक्सप्रेस में आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होने पर यात्रियों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया गया। रेलवे स्टेशन के पार्किंग एरिया एवं गुड्स ट्रेन यानी कोयला लोड में आग लगने की स्थिति में आग पर नियंत्रण और बचाव कार्य का अभ्यास किया गया। इस दौरान रेल सुरक्षा बल, जीआरपी, डॉग स्क्वायड, बम स्क्वाड, अग्निशमन दल, स्वास्थ्य विभाग एवं रेलवे अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया।

### इस तरह की हुई कार्रवाई

मॉकड्रिल में संदिग्ध वस्तु की पहचान, यात्रियों की सुरक्षित निकासी, आपदा प्रबंधन और त्वरित समन्वय का अभ्यास कराया गया। साथ ही यात्रियों को सुरक्षा संबंधी सतर्कता बरतने की अपील भी की गई। रेल सुरक्षा बल ने बताया कि इस प्रकार की मॉकड्रिल समय-समय पर आयोजित की जाती रहेगी, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

## 31 को तीज मिलन

**राजनांदगांव।** सिन्हा समाज का तीज मिलन समारोह एवं कार्यकारिणी की बैठक कल 31 अगस्त को सुबह 10 बजे लाल बहादुर नगर मंडल बहुउद्देशीय भवन में रखा गया है।

उक्त जानकारी देते जिला प्रचार मंत्री पवन सिन्हा और जिला सोशल मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से प्रथम सत्र में देव पूजन पश्चात खेलकूद का शुभारंभ होगा। इसमें कुर्सी दौड़, मटका फोड़, मोमबत्ती जलाना, गीत व संगीत पारंपरिक तौर पर किया जाएगा। साथ ही तीज क्वीन चुनना एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। द्वितीय सत्र में जिला कार्यकारिणी बैठक 2 बजे से होगी।

## सार समाचार

### पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर अर्पित किया श्रद्धासुमन

**राजनांदगांव।** बल्देबाग स्थित वैष्णव भवन में महंत राजा बलरामदास की 25 अगस्त पुण्यतिथि पर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव धर्मेन्द्र वैष्णव के साथ पूजा-अर्चना व माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। छमुमो उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने बताया कि महंत राजा बलरामदास के योगदान से शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, रोजगार एवं रेल सुविधाओं की व्यवस्था कर राजनांदगांव संस्कारधानी का नाम देश-प्रदेश में पहचान दिया। महंत राजा बलरामदास ने क्षेत्र की जनता की रोजगार के लिए अपनी जमीन दान में देकर राजनांदगांव बीएनसी मिल उद्योग संचालित कर आसपास के हजारों श्रमिकों को रोजगार प्रदान किए थे। जिससे राजनांदगांव के छोटे-बड़े व्यापारी के व्यवसाय से अर्थव्यवस्था में सुधार हुए थे, लेकिन केन्द्र एवं राज्य की सरकार की गलत नीति से वर्ष 2002 से उत्पादन से कीर्तिमान उद्योग को बंद कर हजारों मजदूरों को रोजी रोटी से वंचित कर दिया।



### सीसी रोड़ का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के ग्राम बांधाबाजार में बाजार मुख्य मार्ग में 3 लाख रुपए का सीसी रोड का जनपद सदस्य संदीप मेश्राम ने अपने जनपद निधि से राशि स्वीकृत कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सरपंच युवराज नेताम, उपसरपंच उमेंद्र धुर्वे, पंच जितेंद्र मेश्राम, हरीश शर्मा, आशीष ठक्कर, राजेन्द्र शर्मा, शेषनारायण वैष्णव, वैभव गुप्ता, विनोद यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### गौठान में की जा रही चारा-पानी की व्यवस्था

**राजनांदगांव।** ग्राम लिटिया में ग्रामीणों के सहयोग से घुमंतू पशुओं से फसल की सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए लगभग 30-35 पशुओं के लिए ग्राम के गौठान में चारा-पानी की व्यवस्था की जा रही थी। गौठान में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 72 पशुओं को दूसरे स्थानों एवं घुमंतू पशुओं को रख दिया गया था। विगत दिनों जिले में लगातार बारिश के चलते गौठान में 4 पशु निमोनिया से पीड़ित हो गए और अचानक उनकी मृत्यु हो गई। पशुधन विभाग के माध्यम से शेष गौवंशों का उचित उपचार किया गया।



जिला प्रशासन द्वारा गौवंशों के संरक्षण के लिए यशोदा गौशाला सुकुलदैहान, श्री कृष्ण गौशाला डोंगरगढ़, गौशाला पिंजरापोल, बजरंग दल द्वारा संचालित गौशाला, मां बंजारी गौशाला बरगाही में विस्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम के सहयोग से काऊ कैचर के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से यशोदा गौशाला सुकुलदैहान में 28, गौशाला पिंजरापोल में 10 एवं बजरंग दल द्वारा संचालित गौशाला में 5 गौवंशों को विस्थापित किया गया है। शेष गौवंशों के विस्थापन की कार्रवाई की जा रही है।

### आईटीबीपी ने मनाई मेजर ध्यानचंद की जयंती

**राजनांदगांव।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) सेक्टर मुख्यालय राजनांदगांव ने शुक्रवार को भारत के महान हॉकी खिलाड़ी और हॉकी के जादूगर के रूप में जाने जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 मनाया। कार्यक्रम में सांई, हॉकी एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ खेल प्राधिकरण के अधिकारियों और स्थानीय स्कूली छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह के हिस्से के रूप में मेजर ध्यानचंद की विरासत को दर्शाते और युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हॉकी मैचों पर विशेष ध्यान देते खेल गतिविधियों की एक मानव श्रृंखला बनाई गई। आईटीबीपी के द्वितीय कमान मनोज कुमार बहुगुणा ने सभा को संबोधित किया और राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व और भारतीय खेलों में मेजर ध्यानचंद के योगदान पर प्रकाश डाला। अन्य व्यक्तियों ने भी इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते राष्ट्र निर्माण और चरित्र विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। आयोजन ने युवाओं में भारत की खेल विरासत के प्रति गर्व की भावना हेतु प्रेरित किया और भारत के हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्थायी विरासत का सम्मान किया।लाइन की जानकारी देकर जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने बताया कि कॉलेज में गाईड लाइन को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं और हमारा प्रयास महाविद्यालय को एंटी रैगिंग कैंपस के तौर पर स्थापित करना है।



## छह निजी दुकानदारों का लाइसेंस सस्पेंड

# बिना लाइसेंस कारोबार पर एक्शन, खाद दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषकों को निर्धारित दर पर समय में खाद मिले इसके लिए कृषि विभाग द्वारा सोसायटी और निजी दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान कृषि विभाग को अनियमित मिलने पर कुछ दुकानदारों पर कार्रवाई की गई है। जिसके तहत लाइसेंस निरस्त किया गया है। वहीं एक दुकान सील की गई है।

इस वर्ष खरीफ सीजन में उर्वरकों की आवक और समिति एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों के माध्यम से किसानों को नियमित रूप से रासायनिक उर्वरकों के भंडारण वितरण के लिए कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर स्टाक सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा राजनांदगांव सहित डोंगरगांव, छुरिया और डोंगरगढ़ के 7 निजी उर्वरक विक्रेताओं के दुकान और गोदाम में दबिश दी गई।



### रिकॉर्ड संधारण नहीं करने पर होगी कार्रवाई

इस कार्रवाई को लेकर कृषि विभाग के उप संचालक टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि उर्वरकों का व्यापार करने वाले सभी अनुज्ञप्ति धारियों से किसानों के हित में शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही खाद का कृषकों को वितरण करने तथा विक्रय किए गए खाद का पीओएस मशीन के माध्यम से परिचालन व रिकार्ड संधारण करने कहा गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने पर शिकायत एवं जांच में अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सील करने की हुई कार्रवाई

कृषि विभाग की छापामार कार्रवाई के दौरान कृषि मंडी परिसर समीप दादाजी एग्री क्लिनिक गंज मंडी में जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित विक्रेता द्वारा बिना अनुज्ञप्ति के उर्वरक का व्यवसाय किया जा रहा है, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विक्रेता के परिसर को सील किया गया। इसी तरह डोंगरगांव के शीतल कृषि केंद्र को नोटिस और सिन्हा कृषि केन्द्र द्वारा उर्वरक का बिना मूल्य सूची और रिकार्ड संधारण के व्यापार करते पाया गया, जिस पर संबंधित विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति निलंबित की गई है।

### 21 दिवस के लिए लाइसेंस निलंबित

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सहसपुर दल्ली के आर्शीवाद एग्रो और कबीर कृषि केन्द्र तथा सिद्धकी कुरैशी कृषि केन्द्र छुरिया को पंजी संधारण एवं मूल्यसूची प्रदर्शित नहीं करने के कारण उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन करते पाए जाने के कारण 21 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

# युवक का अपहरण 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवक का अपहरण कर मारपीट करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त डंडा एवं थार वाहन को जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 28 अगस्त को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 28 अगस्त की शाम अमन जेम्स एवं विपिन जानवेल्स के साथ पुरानी लेनदेन की बात को लेकर बहस हुआ था। पुलिस के अनुसार प्रकरण के विवेचना के दौरान आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपियों से घटना में प्रयुक्त डंडा एवं वाहन थार को जब्त कर आरोपी अमन जेम्स 20 साल, भावेश साहू उर्फ टीकू 19 साल, विपिन जानवेल्स, विवेक राय 23 साल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश में किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, उप निरीक्षक सतउराम नेताम, नरेश सर्वा, आरक्षक आशीष मानिकपुरी, मोहसीन खान एवं बी-09 पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।




### थार में ले जाकर की मारपीट

वह अपने दोस्त के साथ एक्टिवा में कपड़ा डिलवरी करने ले जा रहा था। भदौरिया चौक में उसे रोकने का प्रयास किया, तब उसे अमन जेम्स एवं विपिन जानवेल्स, विवेक राय तथा भावेश साहू उर्फ टीकू व अन्य साथी लोग होटल किंग कमला कॉलेज के पास मिले, जो उसे स्कूटी में बिठाकर बॉडी टेक जिम के पास ले जाकर और काले रंग के थार कार में जबर्दस्ती बिठाकर बरगई नाला के पास ले जाकर अश्लील गाली-गुप्तार कर जान से मारने धमकी देकर भावेश उर्फ टीटू ने अपने पास रखे डंडा से मारपीट कर नदी में फेंकने का प्रयास करने लगा। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 115(2), 126(2), 140(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# बस स्टैंड में पाताल लोक का रोमांच



**राजनांदगांव।** शहर की पुरानी गणेश समितियों में शामिल बस स्टैंड गणेश उत्सव समिति द्वारा विसर्जन के अवसर पर चलित झांकी के साथ ही इस बार मनमोहक स्थल सजावट भी की गई है। समिति द्वारा बस स्टैंड में ही पाताल लोक पर आधारित गुफा तैयार की गई, जो भक्तों को रोमांचित करेगी। समिति के द्वारा ही विसर्जन झांकी के रूप में रामायण प्रसंग पर आधारित झांकी तैयार की जा रही है। समिति ने लोगों से बड़ी संख्या में गुफा का आनंद लेने की अपील की है।

# सरकारी दुकान से ओवररेट में शराब बिक्री राज्य स्तरीय उड़नदस्ते दल ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की एक सरकारी शराब दुकान में तय दर से अधिक दाम पर शराब बिक्री किए जाने के खिलाफ कार्रवाई की गई है। रायपुर से पहुंची आबकारी महकमे की उड़नदस्ता टीम ने मौके पर पहुंचकर यह कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी जिले की दो दुकानों में ओवर रेट बिक्री के मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में विभाग पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को आबकारी अधिकारी योगेश सोनी के नेतृत्व में राज्य स्तरीय उड़नदस्ते की टीम शिकायतों के आधार पर डोंगरगांव पहुंची थी, जहां उन्होंने सरकारी शराब दुकान से 24 नग पाव आइकॉन व्हिस्की का टेस्ट खरीदारी कराई। दुकानदार द्वारा 24 नग पाव के निर्धारित 2880 रुपए दाम से सौ रुपए अधिक यानी 2980 रुपए की मांग की गई। जिसके बाद ही टीम ने प्रकरण तैयार कर ओवररेट बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की है। मौके से टीम ने 4.320 लीटर शराब को भी जब्त किया है।



### चिखली, अर्जुनी शामिल

राजनांदगांव जिले में पिछले कुछ महीनों के भीतर ही ओवररेट शराब बिक्री के खिलाफ यह तीसरी कार्रवाई है। इससे पहले भी चिखली और अर्जुनी स्थित सरकारी शराब दुकानों में ओवर रेट बिक्री के खिलाफ उड़नदस्ता दल ने कार्रवाई की थी। अब महज पांच महीने के भीतर ही जिले में ओवर रेट के खिलाफ तीसरी कार्रवाई करते हुए प्रकरण तैयार किया गया है। जिससे जिले के आबकारी महकमे की संलिप्तता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## गौरवपथ स्थित मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण

# खेल दिवस पर खिलाड़ियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी एवं नीरज पैरेंट्स प्राइड बल्देवबाग के संयुक्त तत्वावधान में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले पद्मविभूषण स्व. मेजर ध्यानचंद की जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में स्पोर्ट्स रैली का आयोजन किया गया। रैली से पहले गौरवपथ स्थित मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा में शाला परिवार द्वारा माल्यार्पण किया गया।

रैली में मुख्य अतिथि एसपी मोहित गर्ग व विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक परेश वर्मा व प्रिंस भाटिया शामिल रहे। एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा अतिथियों को बैच पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। रैली का आरंभ स्व. मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया गया। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का मानना है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। यदि हमारा शरीर स्वस्थ है, तभी हमारा मन दूसरे कामों में लग सकता है। रैली का उद्देश्य खेल के प्रति सम्मान, जागरूकता व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करना है। रैली में डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, एनपीपीएस बल्देवबाग प्राचार्य आरती पिल्ले, हेड मिस्ट्रेस वैशाली सिंह, एडमिन संतोष पिल्ले, जेसी ब्रांच हेड मिस्ट्रेस स्नेहलता तिवारी, एनएफएस हेड मिस्ट्रेस मधुजा शास्त्री, शिक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित थे।



### किया शहर भ्रमण

रैली जयस्तंभ चौक से शुरू होकर गुड़ाखू लाइन, कामठी लाइन, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक से होते हुए जयस्तंभ चौक में समाप्त हुई। रैली में शाला के खिलाड़ी व छात्र शामिल हुए। रैली के समापन समारोह में अतिथियों को शाला परिवार द्वारा पौधा देकर आभार व्यक्त किया गया। अतिथियों ने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते रैली के आयोजन के लिए शाला परिवार को शुभकामनाएं दी गई।



# मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान कार्डधारियों को करें लाभान्वित : कलेक्टर

# सितंबर में सीटी स्कैन मशीन और रेडियो डायग्नोस्टिक कक्ष का पूरा होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री में नवनिर्मित सीटी स्कैन मशीन एवं रेडियो डायग्नोसिस कक्ष का निरीक्षण किया तथा चिकित्सकों एवं स्टॉफ के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री में जनसामान्य की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के लिए लगाए जा रहे नए सीटी स्कैन मशीन का कार्य सितम्बर माह के पहले सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीटी स्कैन मशीन का अवलोकन किया तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर के भूमिपूजन, शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित करने, कॉलेज के प्रवेश द्वार के निर्माण करने के संबंध में चर्चा की।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री जनसामान्य को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सर्वसुविधायुक्त होना चाहिए। यहां आने वाले मरीजों की चिकित्सा पर विशेष ध्यान देते सभी डॉक्टर, नर्स एवं अन्य स्टॉफ मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें। उन्होंने मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने के लिए सभी नर्स एवं स्टॉफ की काउंसलिंग करने के लिए कहा। उन्होंने सभी से कहा कि अच्छा कार्य करें तथा शासकीय मेडिकल कॉलेज की सेवाओं के प्रति विश्वसनीयता कायम रखें।

इस दौरान डीन शासकीय मेडिकल कालेज डॉ. पंकज लुका, संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, डिप्टी कलेक्टर प्रकाश टंडन, सिविल सर्जन डॉ. यूके चंद्रवंशी, उप अधीक्षक डॉ. पवन जेठानी, विभागाध्यक्ष स्त्रीरोग विभाग डॉ. मीना आरमो, विभागाध्यक्ष रेडियोलॉजी डॉ. अराधना टोप्पो, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री चौरसिया सहित अन्य चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित थे।



### 84 प्रतिशत कार्ड ब्लाकिंग

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय एवं शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री में आपसी समन्वय बनाए रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान कार्ड के हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 84 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड ब्लाकिंग किया गया है, जिसे और बढ़ाने की आवश्यकता है।

### महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा

उन्होंने हृदय रोग विभाग के लिए कैथ लैब हेतु नए प्रोजेक्ट अंतर्गत फ्लोर बनाने के प्रस्ताव के संबंध में सीजीएमएससी से जानकारी ली। बैठक में चिकित्सालय में सीएसएसडी निर्माण, माड्यूलर किचन एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

# सोने के जेवर चोरी करने वाला चोर गिरोह पकड़ाया

**राजनांदगांव।** सोने के जेवर चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित खरीददार को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

सूत्रों के अनुसार 25 अगस्त को प्रार्थिया श्रीमती नीता शर्मा डोंगरगांव ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 अगस्त को अपने मायके जाने के लिए डोंगरगांव बस स्टैंड से भारत ट्रेव्हल्स में बैठकर राजनांदगांव जाने के लिए निकली थी कि जंगलपुर के पास रास्ते में तीन औरतें बस में चढ़ी और लड़ाई-झगड़ा कर बीच में बैठ गई। बस स्टैंड राजनांदगांव में उतरने के बाद कवर्धा जाने के लिए दूसरी बस में बैठकर टिकट देने के लिए देखे तो सोने का 1 चोकर, 1 मंगलसूत्र, ईयर रिंग एवं अंगूठी जुमला अनुमानित कीमत 2,50,000 रुपए नहीं था। बस में बैठने वाली उक्त तीनों महिलाओं द्वारा चोरी करना व उन्हें देखने से पहचान लेना बताई कि रिपोर्ट पर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

### महाराष्ट्र में पकड़ाए

पुलिस के अनुसार जिसके आधार पर कन्हान, कामठी नागपुर महाराष्ट्र पहुंचकर आरोपिया बिजुरियाबाई, पुजा नाडे, रेखा पात्रे को जिला नागपुर महाराष्ट्र को घेराबंदी कर पूछताछ की गई। आरोपिया महिलाओं द्वारा राजनांदगांव में बस में सवार यात्री महिला के सोने के जेवरात को चोरी कर सतीश वर्मा 37 साल निवासी मेन रोड पुराना पुलिस स्टेशन कामठी महाराष्ट्र के पास बेचना बताया। खरीददार सतीश वर्मा को तलाश कर पूछताछ पर उक्त चोरी के जेवरात को खरीदकर गलाकर अपने पास रखना बताया। गलाए हुए सोने 24.85 ग्राम को जब्त कर चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। पुलिस ने आरोपियों को 29 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्रीमति वैशाली जैन एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी कोतवाली एवं निरीक्षक विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव स्टॉफ के सयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल डोंगरगांव रोड़ तथा नागपुर-महाराष्ट्र हाईवे में त्रिनेत्र प्रोजेक्ट के तहत लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया।

## सार समाचार

### पेंड्री में शराब दुकान खोलने से वार्ड के रहवासियों में आक्रोश

**राजनांदगांव।** शहर के पेंड्री क्षेत्र के वार्ड नंबर 21 रेवाडीह में आबकारी विभाग द्वारा दो शराब दुकान संचालित किए जाने से क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने यहां शराब दुकान संचालन का विरोध किया था। इसके बाबजूद शराब दुकान संचालित हो रही है। वार्ड के लोगों ने कहा है कि यह क्षेत्र शिक्षा का क्षेत्र है। यहां एकलव्य विद्यालय, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, आईटीआई, हाईस्कूल और उद्यानिकी कॉलेज सहित कई शैक्षणिक संस्थान संचालित हैं। जिनमें हजारों छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। इस क्षेत्र में शराब दुकान होने से माहौल खराब हो रहा है। गौरतलब है कि पहले यहां एक दुकान संचालित थी, लेकिन सरकार द्वारा स्थानीय नेताओं की संलिप्तता से दूसरी दुकान भी खोल दी गई। विरोध के बावजूद दुकानें बंद नहीं की गई।

#### शराब दुकान बंद करने की मांग

स्थानीय नागरिकों ने दुकानों को बंद करने के लिए हरसंभव प्रयास किया था और अब भी यह प्रयास जारी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यार्थियों के भविष्य और क्षेत्र की शैक्षणिक छवि को बचाने के लिए शराब दुकानों का संचालन तत्काल रोका जाना चाहिए।

#### आंदोलन की चेतावनी

शराब दुकान की वजह से यहां लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं खासकर महिलाओं और छात्राओं को आने-जाने में दिक्कत होती है। रात के वक्त शराबियों का जमघट रहता है। इस क्षेत्र में संचालित शराब दुकान को बंद नहीं करने पर वार्ड के लोगों ने सड़क की लड़ाई लड़ते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन



**राजनांदगांव।** कान्फ्लुएंस महाविद्यालय की एंटी रैगिंग सेल द्वारा रैगिंग मुक्त परिसर एवं छात्रों के बीच सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाने में विश्वास करने हेतु एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया। एंटी रैगिंग सेल के प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, डिबेट प्रतियोगिता, कार्यशाला व्याख्यान, शॉर्ट मूवी जैसे विभिन्न विधाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने शपथ भी लिया। जिसमें रैगिंग के दुष्प्रभाव और इस प्रथा को रोकने संकल्पित हुए। आयोजन का उद्देश्य कानूनी कार्रवाई के बारे में जागरूक करना रहा। यूजीसी की नई गाईड लाइन के अनुसार अब रैगिंग के दायरे में केवल शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न नहीं, बल्कि भाषा, जाति, धर्म आदि पर टिप्पणी पर भी नियम सख्त बना दिया गया है।

### डोमन बने प्रदेश सचिव



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी तथा प्रदेश संयोजक डॉ. सौरभ निर्वाणी की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष महंत सुरेंद्र दास ने प्रदेश सचिव के रूप में बजरंगबली मंदिर मानव मंदिर चौक राजनांदगांव के पुजारी डोमन दास को नियुक्त किया।

### जिले में अब तक 5482.8 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 5482.8 मिमी बारिश एवं औसत 783.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। मिली जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 882.7 मिमी, एलबी नगर में 770 मिमी, राजनांदगांव में 1029.7 मिमी, घुमका में 708 मिमी, छुरिया में 640.4 मिमी, कुमरदा में 686.6 मिमी, डोंगरगांव तह. में 765.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# राजनांदगांव हिंदू जागरण मंच कार्यकारिणी का विस्तार

**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच की जिला बैठक महेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग में आयोजित हुई। बैठक में हिंदू समाज को जागरण करने हेतु बहुत सारे विषयों पर चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। प्रत्येक विकासखंड मंडल एवं बस्तियों में जाकर सभी समाज की बैठक लेना और हिंदू समाज को जागृत करना, ताकि हमारी बेटियां लव जिहाद का शिकार न बन सके। सामाजिक सदभाव बना रहे, हिंदू समाज जागृत रहे हमारे किसी भी हिंदू भाई को कोई तकलीफ आती है तो मोहल्ले स्तर पर ही सब एक होकर समस्या को हल करने की कोशिश करें, सभी हिंदू आपस में भाई हैं यह भावना प्रत्येक हिंदू के मन में जागना है और अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई, ताकि हिंदू समाज सुरक्षित भी रह सके कुछ नवीन



दायित्व की घोषणा हुई, राजनांदगांव जिले के प्रभारी रामबिहारी मिश्रा की सहमति से।

महिला आयाम की जिला प्रमुख मौसमी शर्मा को बनाया गया। साथ में कार्यकारिणी मीना पांडे, ममता शर्मा, ममता सोनी, सुधा पवार, महिला आयाम की नगर प्रमुख संगीता शुक्ला को बनाया गया। साथ में नगर कार्यकारिणी कमलेश्वरी साहू, प्रतिभा साहू, जमुना साहू व रंजना शर्मा को बनाया गया। राजनांदगांव विकासखंड संयोजक ऋषभ मल तथा राजनांदगांव जिला सक्षम केंद्र प्रभारी देवेश वैष्णव को बनाया गया।

बैठक में सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, दिनेश झूलन, हरीश भानुशाली, गोविंद साहू, रोहित शर्मा, हेमलाल ढीमर, प्रभात गुप्ता, विष्णु सिन्हा, महेंद्र जंघेल, मनोज गोलछा, गोविंद जोशी, संपत साहू, आशीष पांडे, रोहित पटनायक, सुनील जायसवाल, संजय मिश्रा, संतोष दूरहाटे, राज सोनकर, इंद्रेश देवांगन, राम तंबोली, विनोद खाती, विजय साहू, संदीप कुमार साहू, रूपचंद सोनी, सुनील जायसवाल, रोहित सिन्हा, रोहित तिवारी, मुकेश सोनी, राजू साहब, आशीष गांधी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हिंदू जागरण मंच के उपस्थित थे।

# जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**मोहला।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला प्रशासन एवं खेल तथा युवा कल्याण विभाग जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन मोहला में किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अध्यक्ष नम्रता सिंह ने खिलाड़ियों को खेलों के महत्व और मेजर ध्यानचंद के योगदान की याद दिलाई। उन्होंने खिलाड़ियों, विद्यार्थियों और खेलप्रेमियों को खेल भावना, अनुशासन और निष्पक्ष प्रतियोगिता की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य का सबसे बड़ा आधार हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

अध्यक्षता करते जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है, उन्हें अवसर और मंच देने की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन खिलाड़ियों के विकास और प्रोत्साहन के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर, भाजपा जिला महामंत्री अनिल गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, सरपंच गजेन्द्र पुरामे, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेसिंह कोसरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण, खिलाड़ी व बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं

# मोपेड में घूम-घूमकर अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी पकड़ाया

- 23 पौवा देशी प्लेन बरामद



**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से शराब रखकर घूम-घूमकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 23 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतलाब थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 28 अगस्त को ग्राम भ्रमण गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना मिली कि ग्राम बोरतलाव बंटी ढाबा के पास मेन रोड एक पुराना इस्तेमाली स्कूटी के पीछे डिक्की में छिपाकर अवैध शराब बिक्री कर रहा है।

### मोपेड में छिपाकर रखा था शराब

सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर स्कूटी को पकड़कर चालक व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर अपना नाम अजय कुमार मंडावी 20 साल निवासी फकीरटोला अंडी का होना बताया और स्कूटी को चेक करने पर पीछे डिक्की में छिपाकर रखे 23 पौवा देशी प्लेन कीमती 1840 रुपए, बिक्री रकम 240 रुपए व घटना में प्रयुक्त स्कूटी को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना बोरतलाव में धारा 34(1) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

# ईद पर शराब दुकानें बंद रखने की मांग

- कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जिले में ड्राई-डे घोषित करने की मांग को लेकर मुस्लिम तेली युवा संगठन ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रतिनिधियों ने 5 सितंबर को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर जिलेभर की सभी शराब दुकानों को बंद रखने की मांग की है।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी का पर्व पूरी धार्मिक श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। इस दिन शहर सहित जिलेभर में जुलूस निकाले जाते हैं और विभिन्न आयोजन होते



हैं। ऐसे में समाज की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते शराब दुकानों को बंद रखा जाना आवश्यक है।

ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष जुनैद बडगुजर, आफताब अहमद, जावेद गोरी, सद्दाम हुसैन गोरी, मैनू झाडूदिया, समीर खान, शेख मिनाज, नदीम बडगुजर, मुशर्रफ जोया, इब्राहिम झाडूदिया, करीम बडगुजर, अयाज सोलंकी, गुलाम बडगुजर समेत अन्य लोग शामिल थे। संगठन ने प्रशासन से अपील की है कि धार्मिक सौहार्द्र और शांति व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक कदम उठाया जाए।



**राजनांदगांव।** दिग्विजय क्लब के पदेन उपाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने सदस्यों से सौजन्य भेंट की एवं स्पोटर्स काम्प्लेक्स का निरीक्षण किया।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा की बैठक 31 को

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं.क्र. 1282 उप समिति राजनांदगांव की सामान्य सभा की बैठक ग्राम घुमका में 31 अगस्त को दोपहर 2 बजे गौरव ग्राम घुमका के सामजिक भवन में किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता उपसमिति अध्यक्ष ठा.भूपेन्द्र सिहं क्षत्रिय द्वारा किया जाएगा। बैठक में मुख्य विषय महासभा से प्राप्त पत्रों का वाचन, आगामी संभावित केंद्रीय बैठकों पर चर्चा, दिसंबर माह में स्वजातीय के लिए यात्रा भ्रमण पर चर्चा, महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगवाने पर चर्चा, अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा उप समिति सचिव रघुनंदन सिंह ठाकुर ने सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ सदस्य सक्रिय सदस्य महिला मंडल युवा मंडल से अधिक से अधिक संख्या में बैठक पर उपस्थित होने की अपील की गई। उक्त जानकारी मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

# नवरत्न मंडल में स्थल सजावट ‘गंगा अवतरण व गंगा पूजा’

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रामाधीन मार्ग स्थित नवरत्न मंडल द्वारा गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। स्थल सजावट में गंगा अवतरण व गंगा पूजा को दिखाया जा रहा है। जिसमें लोगों को गंगाजी के दर्शन होंगे। गंगा अवतरण व गंगा पूजा को आकार देने में समिति के सदस्यगण जुटे हुए हैं। साथ ही रामाधीन मार्ग में कलकत्ता से लाई गई विशेष लाईटिंग दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करेगी। प्रवेश द्वार भी नयनाभिराम बनवाया गया है, जो दर्शकों को रोमाचिंत करेगा। विसर्जन झांकी भी आकर्षक होगी।

इसके लिए मंडल की बैठक में विभिन्न पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मिति से किया गया है। जिसमें संरक्षकगण विजय कुमार अग्रवाल, रामअवतार रूगंटा, मोतीलाल सोनी, हरिनारायण अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अशोक खंडेलवाल, बृजकिशोर सुरजन, रतनलाल गोलछा, सर्वाधिकार समिति में सुनील अग्रवाल, सुनील मुंदड़ा, नंदकिशोर सोनी, राजेश बागड़ी, प्रमुख सलाहकार पारस अग्रवाल, किशन अग्रवाल, राजेश खंडेलवाल, विजय सोनी, अध्यक्ष



अजय खंडेलवाल, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विजय शर्मा, संतोष पुरोहित, अमित खंडेलवाल, दीपक साव, सचिव लोकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पराग खंडेलवाल, सह-सचिव रौनक चौहान, शशांक अग्रवाल, अंकित खंडेलवाल, अंकेश खंडेलवाल, पूजा प्रभारी यश अग्रवाल, कृष्णा शर्मा, हर्षित अग्रवाल, स्थल सजावट प्रभारी जगन चकोले, रज्जू अग्रवाल, व्यवस्था प्रभारी विकास सोनी, अमित खंडेलवाल, सचिन दिवेद्वी, चंदा प्रभारी राकेश यादव, निरव खंडेलवाल, विसर्जन झांकी प्रभारी गौरव खंडेलवाल, हिमांशु बजाज, निकुंज खंडेलवाल, कुशल खंडलेवाल, पुष्पक शर्मा, सौरव खंडेलवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रतीक राय, कुशल गुप्ता, स्वप्निल कन्नौजे, जुलूस प्रभारी अरूण खंडेलवाल, राजेन्द्र महोबिया, अशोक गुप्ता, राजेश खोखरिया शामिल हैं।

# भगवान गणेश से प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार लखोली स्थित मां अंबे धाम सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। मंदिर प्रांगण में उनके आगमन पर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करते श्री शर्मा ने भगवान गणेश से प्रदेश की शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूरा परिसर भक्ति और उत्साह से सराबोर हो गया। श्री शर्मा ने कहा कि पर्यटन मंडल का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन का




अवसर मिला है। यह सब गणेशजी की कृपा से संभव हुआ है। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई देते कहा कि हर वर्ष यहां आकर भगवान से आशीर्वाद लेना उनका संकल्प रहेगा। पूजा-अर्चना उपरांत श्री शर्मा ने मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक गप्पू सोनकर ने बताया कि प्रतिदिन भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन मंडल अध्यक्ष का आगमन मंदिर समिति के लिए गर्व का विषय है और उनके स्वागत के लिए समिति ने विशेष व्यवस्था की थी। श्री शर्मा के आगमन से मंदिर प्रांगण में भक्तिमय उल्लास और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, शिव वर्मा, संजय सरोदे, गप्पू सोनकर, सुरेश साहू, मोहन सिंह राजपूत, नवीन जैन, राजेंद्र श्रीरंगे, आशीष डोंगरे, आलोक श्रीवास्तव, टीआर ठाकुर, शंकर यादव, सोनू सोनकर, तनु श्रीरंगे, बृजेश महाराज, उभयलाल सोनकर, मन्नू शुक्ला, संतोष देवांगन, किशोरी पारख, राजेंद्र लड्ढा, दिनेश खंडेलवाल, गोमा कोठारिया, गौरव सोनकर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### प्रतिमा स्थापना कर पूजन कार्यक्रम का आयोजन



कान्फ्लुएंस महाविद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिस एवं आईक्यूएसी सेल के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में गणेश चतुर्थी अवसर पर गणेश मूर्ति स्थापना एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने सर्वप्रथम विधि-विधानपूर्वक श्री गणपति की स्थापना एवं पूजन कार्यक्रम संपन्न किया। तत्पश्चात छात्रों ने गणेश वंदना एवं भजन आदि का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि प्रतिवर्ष छात्रों द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्री गणेश की स्थापना, पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। यह हमारे सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा का प्रतीक है। हिंदू धर्म के अनुसार गणेश जी प्रथम पूजनीय हैं और उन्हें विघ्नहर्ता एवं ज्ञान का प्रतीक माना जाता है।

### भगवान श्री गणेश की मनोहारी रंगोली पेंटिंग



आदर्श ग्राम सुरगी से लगे ग्राम कोटराभाठा निवासी निखिल साहू उम्र 21 वर्ष ने विघ्न विनाशक भगवान श्रीगणेश की मनोहारी रंगोली से भगवान विघ्नहर्ता श्री गणेश का निर्माण किया है। अपनी पेंटिंग का वर्णन करते हुए बताया कि यज्ञ के दौरान दुष्टों का नाश करने के कारण गणेशजी को विघ्नहर्ता का नाम मिला है। ग्राम पंचायत कोटराभाठा के सरपंच डान कुमार साहू ने बताया कि निखिल साहू उनके गांव का होनहार युवा है। उन्होंने अपनी कलाकारी से हूबहू किसी का भी चित्र को तैयार कर लेता है। अभी गणेश पर्व के दौरान उन्होंने विघ्नहर्ता गणेशजी की मीडियम हाईपर रियलिस्म रंगोली आर्ट का निर्माण किया है।

## खबर संक्षेप



### चैंपियनशिप की विजेता बनी प्रदेश टीम

**खैरागढ़।** यूपी के आगरा मे यूथ स्पोर्ट्स एजुकेशन फेडरेशन इंडिया द्वारा आयोजित ऑल इंडिया नेशनल चैंपियनशिप मे प्रदेश की कबड्डी टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पहला स्थान हसलि किया। एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र ,गुजरात,उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश की टीमो से प्रतिभागी शामिल हुए जिसमे प्रदेश की कबड्डी टीम मे रामलाल साहू, संजू राम कंवर, रामखिलावन ठाकुर, हब्बू राम कंवर, दुवासू राम साहू, लेखराम वर्मा, सुनील शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मद साद्दीक टी20 क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी ने टीम सदस्यो को विनिंग ट्रॉफी, गोल्ड मैडल व प्रमाण पत्र दिया। कार्यक्रम में पर्वत हूंन प्रेसिडेंट यूथ स्पोर्ट्स एजुकेशन फेडरेशन इंडिया के जनरल सेक्रेटरी, जनरल सेकेटरी रोहित बंसल, ज्वाइंट सेक्रेटरी राधेश्याम, आयोजन समिति सचिव सुधीर चतुर्वेदी, रोहित गुर्जर सहित अन्य उपस्थित थे।

### कान्फ्रेंस में अविनाश ने किया नाम रौशन



**खैरागढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता अविनाश निलेंद्र शर्मा ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया और 21 से 28 अगस्त तक चीन के मकाऊ आयोजित एमडीआरटी ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में 16 देशों के वित्तीय सलाहकारों के साथ शामिल हुए। बीते 11 सालों से एमडीआटी के लिए प्रयासरत अविनाश शर्मा को इस साल यह ऐतिहासिक सफलता हासिल हुई है। इसके अलावा श्री शर्मा लगातार 4 सालो से करोड़पति अभिकर्ता बने हुए हैं। उनकी उपलब्धि और सफलता पर भाजीबीनि के वरिष्ठ अधिकारियों और ग्राहकों ने उन्हें बधाई दी है।

### अर्चनाबाई का निधन

**राजनांदगांव।** बौद्ध समाज की



वरिष्ठ महिला मंडल की सक्रिय कार्यकर्ता अर्चनाबाई खोब्रागढ़े (84 वर्ष) का 29 अगस्त की सुबह लगभग 8 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे पति, तीन पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार शाम 4.30 बजे लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। ज्ञात हो कि वे कन्हैयालाल खोब्रागढ़े की धर्मपत्नी तथा वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े की माता थी।

## ग्रामीण युवाओं को मिलेगा रोजगार

# गेरुखदान में राज्य के पहले माली प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण

## जिला प्रशासन की अभिनव पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर विकासखंड छुईखदान के ग्राम घोटा, ग्राम पंचायत गेरूखदान स्थित रिक्त सीआरपीएफ कैम्प में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत राज्य का पहला माली प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ किया गया है। यह प्रयास कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं सीईओ जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल ने प्रशिक्षण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए प्रशिक्षणार्थियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान प्रशिक्षण प्रभारी रविन्द्र कुमार मेहरा ने बताया कि शहरीकरण के दौर में सौंदर्यीकरण, गृह वाटिका, फल-फूल व भूदृश्य रखरखाव हेतु कुशल माली की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले में पहली बार यह प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है।



### प्रशिक्षण में शामिल विषय

प्रशिक्षणार्थियों को फल-फूलों के फूलने का समय, वानस्पतिक प्रवर्धन विधियाँ, रोग-व्याधियों की पहचान व नियंत्रण, नर्सरी प्रबंधन, जैविक खाद एवं कीटनाशक निर्माण जैसे विषय प्रायोगिक ढंग से सिखाए जा रहे हैं। साथ ही संरक्षित खेती की विधि से असामयिक फल-फूल और सब्जी उत्पादन की तकनीक भी बताई जा रही है।

### कलेक्टर के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने निर्देश दिए कि स्थानीय मौसम की अनुकूलता को ध्यान में रखकर ऐसे फल वृक्ष लगाए जाएँ जिनका उत्पादन न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि अन्य राज्यों में भी निर्यात हो सके। उन्होंने फल प्रसंस्करण व नर्सरी विकास हेतु ठोस योजना बनाकर प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया किनर्सरी विकास के लिए मनरेगा से आवश्यक राशि उपलब्ध कराने हेतु त्वरित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जाए। इस अवसर पर सरपंच-पंच, उद्यानिकी विभाग की सहायक संचालक स्नेहलता सिन्हा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, बीईओ आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं का पालन को लेकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

- कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



सीएम विष्णुदेव साय की घोषणाओ की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने छुईखदान में प्रस्तावित पान कैफे और पैलीमेटा जलाशय क्षेत्र में पर्यटन केंद्र स्थापित करने के लिए संभावित स्थल का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों को शीघ्रता व गुणवत्ता के साथ क्रियान्वित किया जाए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में खैरागढ़ प्रवास के दौरान क्षेत्रीय विकास को गति देने अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएँ की है इन्हीं घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन की दिशा में कलेक्टर का निरीक्षण ठोस कदम है। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रस्तावों को प्राथमिकता से तैयार कर समयसीमा में प्रस्तुत करें, ताकि विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सकें और आमजन को इनका लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, छुईखदान-गंडई एसडीएम अविनाश ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## देवारीभाठ में 45.50 लाख का गौरवपथ स्वीकृत

**खैरागढ़।** क्षेत्र के विकास कार्यों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहीं विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा की अनुशंसा पर उनके गृह ग्राम देवारीभाठ को बड़ी सौगात मिली है। ग्रापं देवारीभाठ के वार्ड क्रमांक 5 और 11 में गौरव पथ निर्माण के लिए 45.50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से गांव के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। गौरव पथ बनने से न केवल वार्डवासियों को सुविधा होगी बल्कि गांव की सूरत भी बदल जाएगी। महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए विधायक यशोदा वर्मा ने उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है और यह गौरव पथ ग्रामीण अंचल के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। गौरतलब है कि देवारीभाठ विधायक वर्मा का गृहग्राम है और यहां पर लगातार आधारभूत ढांचे के विकास के लिए योजनाएं स्वीकृत हो रही हैं। गांव के लोगों ने विधायक वर्मा का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से अब गांव में सडक़ों और मूलभूत सुविधाओं का स्वरूप बेहतर हो रहा है।



# विधि विधायी मंत्री गजेंद्र यादव से सांसद प्रतिनिधि भागवत ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे स्कूल शिक्षा व विधि विधायी मंत्री गजेंद्र यादव से सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान सिंह ने मंत्री यादव को रूक्खड़ स्वामी मंदिर में भस्म रूप में विराजमान भगवान भोलेनाथ की तस्वीर भेंट की।

मुलाकात दौरान मंत्री यादव ने नारधा स्थित बाबा के मंदिर के बारे में जानकारी साझा की। साथ ही जिले में विधि महाविद्यालय की संभावनाओं पर चर्चा हुई। भागवत शरण सिंह ने बताया कि आजादी के बाद से ही इस क्षेत्र का योगदान न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में उल्लेखनीय रहा है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, मंडल भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर, अधिवक्ता राजीव चंद्राकर, उत्तम दशरिया, रवि भावनानी, लेखराम साहू, भानुप्रताप साहू, राजू जंघेल, राकेश निषाद, जितेंद्र पटेल, चोवाराम साहू, कृष्णा मानिकपुरी, रामू मरकाम, टेकन देवांगन, यतीश कुंजाम, मंगलचंद जैन समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# टीएल बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और आवारा मवेशियों के प्रभावी प्रबंधन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागवार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रकरणों व विकास कार्यों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

राजस्व विभाग की समीक्षा दौरान कलेक्टर ने कहा कि समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सीएमओ और जनपद पंचायतों के सीईओ से पूर्व दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली।

साथ ही ग्राम पंचायतों में बने कांजी हाउज की वर्तमान स्थिति और मवेशियों के प्रबंधन की समीक्षा भी की। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई कर मवेशियों को सड़कों से हटाया जाए और स्थायी प्रबंध किया जाएं। शहरी क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की भी उन्होंने समीक्षा की और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा।



### सर्वे की प्रगति की ली जानकारी

बैठक में राजस्व विभाग द्वारा संचालित क्रॉप सर्वे की प्रगति की जानकारी ली गई। इसके अलावा राज्यपाल द्वारा गोद ग्राम सोनपुरी के लिए की गई घोषणाओं और दिशा-निर्देशों पर भी चर्चा हुई, जिनमें ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोडऩा, श्मशानघाट से अतिक्रमण हटाना और सौंदर्यीकरण जैसे मुद्दे शामिल रहे। बैठक में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम गंडई छुईखदान अविनाश ठाकुर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### एक दिवसीय शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) राजनांदगांव में निदेशक अमित मिश्रा के निदेशन में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पूर्वा साहू व उसकी टीम द्वारा निःशुल्क सेवा (उपचार) दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान में जारी ब्यूटी पार्लर और फोटोग्राफी के बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना व सामान्य बीमारियों का त्वरित उपचार कर उन्हें स्वस्थ्य रखना था। शिविर के माध्यम से संस्थान में प्रशिक्षणरत 60 बच्चों का स्वास्थ्य लाभ दिलाया गया। कार्यक्रम में ऋषभ मिश्रा, प्रेमचंद साहू व स्टाफ का सहयोग रहा।



# कृषि मंत्री ने मनोहर गौशाला को सराहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भगवान बलराम जयंती पर राजधानी के इंदिरा गांधी कृषि विवि में किसान दिवस मनाया गया। कृषक सभागार में मुख्य अतिथि कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री राम विचार नेताम और विशिष्ट अतिथि कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की मौजूदगी में आयोजित कृषक सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन में मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन को भी किसानों को प्रशिक्षित करने आमंत्रित किया गया था। इस दौरान कृषि मंत्री ने मनोहर गौशाला में होने वाले कार्यों की सराहना की। साथ ही यहां होने वाले रिसर्च पर अखिल जैन को बधाई दी। कार्यक्रम में मनोहर गौशाला के ट्रस्टी ने अतिथियों को फसल अमृत और आर्गेनिक गोल्ड प्रदान किया। इस मौके पर महात्मा गांधी वानिकी व उद्यानिकी विवि के कुलपति रविरतन सक्सेना, इंदिरा गांधी कृषि विवि के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल, रिसर्च ऑफ डायरेक्टर डॉ विवेक त्रिपाठी, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, संचालक राहुल देव बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रबंध संचालक अजय अग्रवाल सहित कृषि वैज्ञानिक, कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ, किसान व विभिन्न किसान संघों से जुड़े पदाधिकारी मौजूद थे।

# खेल दिवस, ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

40 वी वाहिनी द्वारा आज सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र काटेमा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिवस महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें हॉकी के जादूगर के नाम से जाना जाता है। मेजर ध्यानचंद ने 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक खेलों में भारत को हॉकी में स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके अद्वितीय कौशल और गोल करने की क्षमता के लिए उन्हें आज भी आदरपूर्वक याद किया जाता है।

इस अवसर पर एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने खेल भावना, शारीरिक स्वास्थ्य और टीम वर्क के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान एक फ्रेंडली वॉलीबॉल मैच का भी आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सहायक कमांडेंट दीदार शेख ने इस अवसर पर जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक फिटनेस से कहीं बढ़कर, खेल हमें टीम वर्क, अनुशासन, दृढ़ता और नेतृत्व जैसे अमूल्य जीवन मूल्य सिखाते हैं। यह हमारे चरित्र का निर्माण करते हैं और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं।



## ऊर्जीकरण से 7801 उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

# झुरानदी सबस्टेशन में लगा 3.15 एमव्हीए का नया ट्रांसफार्मर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत जिले के ग्रामीण अंचलों में बिजली उपभोक्ता एवं किसानों को भरपूर वोल्टेज पर निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के लिए मौजूदा सब स्टेशनों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर क्षमता वृद्धि किया जा रहा है। योजना के तहत 73 लाख की लागत से झुरानदी स्थित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त नया पॉवर ट्रांसफॉर्मर को स्थापित कर कार्यपालक निदेशक शिरीश सेलट ने ऊर्जीकृत किया।छुईखदान उपसंभाग के ग्राम झुरानदी में विद्यमान उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता पहले 5 एमव्हीए था, अतिरिक्त 3.15 एमव्हीए पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से इस उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता बढ़कर 8.15 एव्हीए हो गई है।

### 73 लाख की लागत से पूर्ण

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि यह कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत लगभग 73 लाख की लागत से पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि सब स्टेशन में पहले से मौजूदा दो 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाता था। खासकर धान की फसल के मौसम में लोड शेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या होती थी,। अब लो वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने इस कार्य के लिए अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त शंकेश्वर कंवर, ईई परियोजना मुकेश कुमार साहू, ईई खैरागढ़ संभाग एके द्विवेदी, ईई एसटीएम एडी टंडन, सहायक अभियंता एसपी ठाकुर, सुश्री मदलसा विश्वकर्मा, सुश्री ममता कर्मकार सहित पूरी टीम को बधाई दी है।

# पीएम व उनकी माता पर टिप्पणी की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं



भाजपा पार्षद रवि सिन्हा ने कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी माता के संबंध में की गई अमर्यादित और अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है।

पार्षद श्री सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा दिया गया यह बयान न केवल प्रधानमंत्री का अपमान है, बल्कि भारतीय संस्कृति और मातृत्व की भी अवमानना है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति प्रकट करना सभी का अधिकार है, लेकिन इस प्रकार अभद्र और व्यक्तिगत टिप्पणी कांग्रेस की मानसिकता को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और समाज को नई दिशा देने निरंतर कार्य किया है।

उनकी मां को लेकर अशोभनीय बातें करना देश की हर मां का अपमान है। भाजपा कार्यकर्ता इसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेंगे। श्री सिन्हा ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस इस प्रकार की राजनीति पर रोक नहीं लगाती, तो भाजपा कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीकों से इसका कठोर विरोध करेंगे।

# बहुउद्देश्यीय विकास केंद्र का निरीक्षण



**छुईखदान।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ग्राम तुमड़ादाह में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत नवनिर्मित बहुउद्देश्यीय विकास केंद्र का दौरा किया।

उन्होंने केंद्र में संचालित आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक शाला का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य बैगा परिवारों को बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के साथ स्वरोजगार, प्रशिक्षण और सामुदायिक गतिविधियों से जोड़ना है। उन्होंने प्राथमिक शाला में बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई की जानकारी ली।

बैगा परिवारों से संवाद कर समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। इस दौरान बैगा परिवारों ने बहुउद्देश्यीय विकास केंद्र खोलने पर हर्ष व्यक्त किया।

### लोगों को योजनाओं से जोड़ें

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव की महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाया जाए और अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें और ग्रामीण आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला, बीईओ रामेन्द्र कुमार डड़सेना सहित अन्य उपस्थित थे।


Shloka
GREENS
वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।
राजनांदगांव लिख रहा है
प्रगति का नया अध्याय
RERA
APPROVED
25+ प्रीमियम सुविधाएँ
टेम्पल + ऐम्फ़िथिएटर
किड्स एंड टॉडलर्स प्ले एरिया
क्लब हाउस
इवेंट लॉन
स्विमिंग पूल
लॉन टेनिस कोर्ट
SANGYAA PR
इस गणेश उत्सव
रजिस्ट्री खर्च पर पायें
50% की छूट
प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉट्स
आज ही बुक करें
स्कैन करें
PIONEER HOMES
संजीवनी हॉस्पिटल के पास, चिखली,
खैरागढ़ रोड, राजनांदगांव (छ. ग.)
RERA No. PCGRERA250724001800
https://rera.cgstate.gov.in/
83-9996-9991
83-9996-9992

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025



### छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती की थीम पर बन रही झांकी

# विसर्जन झांकियों में दिखेगा ऑपरेशन सिंदूर रजत जयंती सहित धार्मिक प्रसंगों की झलक

## संस्कारधानी में श्री गणेशोत्सव की धूम, सजावट की जगमगाहट से हुआ शहर रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देशभर में गणेश विसर्जन के अवसर पर निकलने वाली चलित झांकियों को लेकर प्रख्यात संस्कारधानी में एक तरफ जहां श्री गणेशोत्सव की धूम है। पूजा पंडालों सहित घर-घर में गणनायक की विधि-विधान से पूजा-अर्चना का दौर जारी है। वहीं दूसरी ओर दो दर्जन से अधिक समितियों की विसर्जन झांकियों की तैयारियां जोर-शोर से जारी है। हर साल अपने नई-नई थीम की झांकियां दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इस बार भी ऐसी ही कई झांकियां तैयार हो रही है, जो अपनी भव्यता के साथ ही नई थीम के चलते लोगों को आकर्षित करने वाली है।

खास बात यह है कि इस वर्ष झांकियों में छग राज्य के 25वीं वर्षगांठ यानी रजत जयंती के परिप्रेक्ष्य में जहां लोक संस्कृति से रचा बसा छत्तीसगढ़ महतारी का दृश्यांकन होगा। वहीं ऑपरेशन सिंदूर, कल्कि अवतार, नागलोक, भगवान इन्द्र का सिंहासन डोलते सहित कई धार्मिक प्रसंग की झलक होगी। इधर पुलिस विभाग ने भी झांकी की रात को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। अफसर-कर्मी की तैनाती को लेकर रोडमैप तैयार किए जाने के साथ ही गणेश समितियों को दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके है। ज्ञात हो कि संस्कारधानी में वर्षों से चली आ रही परंपरानुसार श्री गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। पूजा पंडालों में आकर्षक एवं भव्य मूर्तियां दर्शनार्थियों को भाव विभोर कर रही है। विद्युत सज्जा से शहर चकाचौंध है। श्रद्धा भक्ति का माहौल निर्मित है।





### कुछ झांकियां बाहर से भी आएंगी

इस वर्ष शहर में लगभग 30 विसर्जन झांकियां निकाले जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। कई समितियों द्वारा बाहर से झांकियां मंगवाई जाएगी। वहीं कुछ समिति द्वारा स्थानीय स्तर पर झांकियों का निर्माण किया जा रहा है। खास बात यह है कि हाल ही के समय चक्र एवं धार्मिक प्रसंगों पर आधारित नयनाभिराम झांकियां दर्शकों का मन मोह लेगी।

### चलित मूर्तियां और भव्य आर्च होंगे आकर्षण का केन्द्र

बताया गया कि झांकियों में भव्य आर्च, चलित मूर्तियां और प्रसंगों की आवाज समाहित होगी। विशेषकर मूर्तियों के फिनिशिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आकर्षक विद्युत सज्जा से चकाचौंध कर देने वाले इन झांकियों को जीवंत रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। कई झांकियां तीन जीपों पर निर्माण हो रही है, जो दर्शनार्थियों को भाव विभोर कर देगी। बाजे-गाजे व धुमाल के साथ निकलने वाली इन झांकियों की तैयारियां लगभग अंतिम चरणों में है। संभावनाएं जताई जा रही है कि इस वर्ष लगभग 30 विसर्जन झांकियां शहर में निकलेगी। बहरहाल इन दिनों श्री गणेशोत्सव की धूम है। बड़ी संख्या में दर्शनार्थी शाम होते ही पूजा पंडालों में पहुंच रहे हैं।

### लोककला-धार्मिक प्रसंग का जीवंत होगा दृश्यांकन

उत्सव से जुड़े लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक तिरंगा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ की 25वीं वर्षगांठ के परिप्रेक्ष्य में लोककला, संस्कृति की छंटा बिखेरती छत्तीसगढ़ महतारी का दृश्यांकन किया जाएगा। इसी तरह बाल समाज में देश भक्ति से परिपूर्ण ऑपरेशन सिंदूर, बस स्टैंड में रामायण प्रसंग पर कुंभकरण से वीर हनुमान का युद्ध एवं राम-लक्ष्मण का दृश्यांकन, उमंग मंडल, खाटू श्याम प्रभु, नवरत्न मंडल दशानन का नवग्रह के साथ युद्ध , सुमति मंडल कमल नयन, महावीर मंडल वीर हनुमान के सामने सूर्यदेव, अष्टविनायक रामेश्वरम पूजा व गिलहरी का योगदान, आजाद चौक भगवान इंद्र का सिंहासन डोलते, ब्राह्मणपारा नरसिंह अवतार, शीतला मंदिर सोनारपारा क्षेत्र से देवी मां पर आधारित रक्तबीज , शांतिनगर से कल्कि अवतार सहित अन्य समितियों द्वारा धार्मिक प्रसंग पर मनमोहक झांकियां निकाले जाने की तैयारियां की जा रही है।

### छह की रात निकलेगी झांकियां

ज्ञात हो कि हर साल गणेश विसर्जन की रात को ही शहर में चलित झांकिया निकाली जाती है। इस बार भी परंपरा अनुसार आगामी छह सितंबर की रात को शहर में विसर्जन झांकियां निकाली जाएगी।



# तीजा पोला महिला सम्मेलन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

रजत महोत्सव के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को वनांचल स्थित साल्हेवारा के सामुदायिक भवन में तीजा पोला तिहार महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

आयोजन में प्रमुख रूप से महिला बाल विकास विभाग की सभापति ज्योति जंघेल, उमा चौबे, जिलापंचायत प्रतिनिधि व जिला मंड़ल उपाध्यक्ष निजाम मांडवी, मनोज अग्रवाल जनपद सदस्य मन्नू मरकाम के अलावा पंचायत के सरपंच, पंच, विभागीय जिलाधिकारी परियोजना, अधिकारी सेक्टर के पर्यवेक्षक सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका और बड़ी संख्या में समूह की बहनो नें कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### बच्चों को किया पुरस्कृत

कार्यक्रम में महिलाओं के लिए चल रही योजना की विस्तृत जानकारी, सखी सेंटर के बारे में मिशन शक्ति के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों के द्वारा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति और कुछ अन्य प्रतियोगिता रखा गया था। जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खाद्य पदार्थ के रेडी टू ईट से बनने वाले खाद्य पदार्थ की प्रदर्शनी, तीजा फुलेरा सहित शिव पार्वती की पूजा अर्चना कर उत्सव उल्लास से मनाया गया।

## माई की नगरी में विराजे विघ्नहर्ता

**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में चतुर्थी को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ विघ्नहर्ता श्री गणेश की स्थापना किया गया। ढोल-नगाड़ों की थाप और गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गलियां- मोहल्ले गूंज उठे थे। विभिन्न समितियों और सामाजिक संगठनों ने आकर्षक पंडालों का निर्माण कर गणेश प्रतिमा स्थापित किया है। प्रतिदिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में पंडालों में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। इस महापर्व के लिए समितियों ने विशेष तैयारियां की हैं। नगर प्रमुख पंडालों में स्टार क्लब बुधवारी पारा, प्रगति मंडल बुधवारी पारा, विनर क्लब भगतसिंह चौक, गरीबी रेखा समिति भगतसिंह चौक, गणेश उत्सव समिति कालकापारा तथा दुर्गा पंडाल रेलवे चौक में आकर्षक मूर्ति और साज-सज्जा श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। अंतिम दिवस विशाल विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें नगर की नौ से 10 झांकियां शामिल होने की संभावना है।



## ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए सुयश के नाम की अटकले

**डोंगरगांव।** मंडल, बूथ लेबल में फेरबदल के बाद ब्लाक कांग्रेस में भी बदलाव की अटकले शुरू हो गई है। पिछले दिनों जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने बैठक लेकर कार्यकर्ताओ की राय जानने का प्रयास किया था। इसी बैठक मे पांच नेताओं ने अध्यक्ष बनने की इच्छा व्यक्त किया था। अटकलों के बीच ऐसी चर्चा है कि अध्यक्ष के पद पर जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा का मनोनयन हो सकता है।

जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान के समक्ष जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष टिकेश साहू, ब्लाक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष मदन साहू, सुयश नाहटा, सदस्य रोहित सोनकर ने अपना दावा पेश किया था। एक से अधिक दावेदारों के नाम सामने आने के बाद श्री खान ने वन टु वन चर्चा कर कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने का प्रयास किया था।

### पेनल तैयार

कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक और उनकी पसंद को ध्यान मे रखते हुए तीन नामों का पेनल तैयार किया गया है जिसमे कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष टिकेश साहू और जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा का नाम शामिल होने की चर्चा है। कहा तो यह भी जा रहा है कि जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू का नाम भी पेनल में शामिल है।

### अब नजर राजधानी पर

पेनल बनने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रायपुर या दिल्ली में तय होने वाले नाम की घोषणा होने का इंतजार है। कांग्रेस संगठन में विधायक की पसंद को महत्व देने की परम्परा को देखते हुए कहा जा रहा है ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा के नाम पर मुहर लग सकती है हालांकि विधायक की गुड बुक में टिकेश साहू का नाम भी शामिल है। बदली परिस्थिति और मौजूदा जरूरत के लिहाज से श्री नाहटा को परफेक्ट माना जा रहा है।

## उदयपुर में रजत जयंती कार्यक्रम

**छुईखदान।** उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर में प्राचार्य श्रीश कुमार पांडे की उपस्थिति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी विजयारानी थवाईत के निर्देशन में छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के उपलक्ष में पुस्तक वाचन एवं स्पीड रीडिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने कम समय में ज्यादा जानकारी तेजी से समझ कर पढ़ना, व समझना और पुस्तक वाचन किया गया। इस अवसर पर सीआर साहू, एमएल जंघेल, रेणु चौबे, अनुराधा सिंह, चंद्रकांत साहू, तामेश्वर साहू, सत्यप्रकाश महिलकर, रजवंतिन साहू, टोमिन वर्मा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## युवक का अपहरण, 4 आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** युवक का अपहरण कर मारपीट करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त डंडा एवं थार वाहन को जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 28 अगस्त को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 28 अगस्त की शाम अमन जेम्स एवं विपिन जानवेल्स के साथ पुरानी लेनदेन की बात को लेकर बहस हुआ था। पुलिस के अनुसार प्रकरण के विवेचना के दौरान आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपियों से घटना में प्रयुक्त डंडा एवं वाहन थार को जब्त कर आरोपी अमन जेम्स 20 साल, भावेश साहू उर्फ टीकू 19 साल, विपिन जानवेल्स, विवेक राय 23 साल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश में किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, उप निरीक्षक सतउराम नेताम, नरेश सर्वा, आरक्षक आशीष मानिकपुरी, मोहसीन खान एवं बी-09 पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।



## भादी अमावस महोत्सव में ट्विंकल के भजनों ने बांधा शमा

- राणी सती मंडल ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में राणी सती मंडल के तत्वावधान में भादी अमावस का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

झुंझुनू वाली राणी सती दादी के भादो अमावस महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के पहले दिन प्रकाश बिंदल परिवार के घर पर राणी सती दादी के भव्य विग्रह की स्थापना और पूजा अर्चना की गई जिसमें महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

दादी जी का श्रंगार कर मेहंदी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। दूसरे दिन सुबह मारवाड़ी धर्मशाला से शोभायात्रा निकालकर दादी के विग्रह को लाया गया। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में दादी के भक्त शामिल हुए। मारवाड़ी धर्मशाला में सर्वप्रथम पूजन अर्चन कर दादी जी की धोक पूजा की गई जो दिन भर अनवरत चलती रही।



### बच्चों की सराहनीय प्रस्तुति

इस अवसर पर सती मंडल ने दुर्ग की भजन गायिका ट्विंकल खेमुका पारख के भजन व मंगल का पाठ का आयोजन किया। दोपहर 2 बजे प्रारंभ कार्यक्रम शाम 7 बजे तक अनवरत चलते रहा। कार्यक्रम में ट्विंकल के भजनों ने समां बांधा। सती मंडल ने आकर्षक भव्य झांकियां भी प्रस्तुत की जिसमें पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर की भव्य नाटिका का प्रस्तुतीकरण मनमोहक रहा। बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की एकता और अखंडता का परिचय दिया। वहीं ट्विंकल ने अच्छे ढंग से दादी जी के मंगल पाठ का वाचन किया । अंत में दादी जी की आरती की गई। तत्पश्चात महाप्रसादी का आयोजन हुआ।




## हॉकी के जादूगर को खिलाड़ियों और छात्रों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद के चित्र में माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। प्राचार्य डॉ एके धमगाये ने इस वर्ष के खेल दिवस की थीम एक घंटा खेल के मैदान में के बारे प्रतिभागियों को अवगत कराया एवं जीवन में खेल के महत्व को बताया। सहायक प्राध्यापक डॉ सीके साहू ने हॉकी के जादूकर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी दी। क्रीड़ा विभाग ने बैडमिंटन एवं शतरंज का आयोजन किया जिसमें विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया । प्रतिभागियों को संस्था प्रमुख ने मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान किया। बैडमिंटन पुरुष वर्ग में आदित्य शर्मा, वेदांशु साहू, महिला वर्ग में हर्षिता साहू और डाली नेताम, शतरंज पुरुष वर्ग में ऋषि अहीर, क्रांति धरमगुड़ी एवं महिला वर्ग में प्रियंका पटेल व इतेश्वरी साहू क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय रहे। कार्यक्रम का संचालन अतिथि क्रीड़ा अधिकारी रोशन लाल पटेल ने किया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ आशाराम साहू, प्रियांकी गजभिए, गौतम नेताम आदि उपस्थित थे।




### नीरज स्कूल में निकली रैली

नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में उत्साह के साथ मनाई गई। बच्चों को ध्यानचंद के बारे में जानकारियाँ दी गई। बच्चों ने उत्साह के साथ रैली में भाग लेते हुए हर घड़ी हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान का नारा लगाया। बच्चों की रैली को एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य सुश्री अंजुम जहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि खेल को भाईचारे की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार या जीत दो पहलू होते हैं, जिसे स्वस्थ मन से स्वीकार करना चाहिए। उन्होने हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदानों को अविस्मरणीय बताया। प्राचार्य सुश्री जहान ने खेल प्रतिभाओं का जिक्र करते हुए बच्चों को बेहतर खेल खेलने की सलाह दी। इस मौके पर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटडिया, समीर पोद्दार, कुंतल बाजपेयी, जी राम सिन्हा मौजूद थे। छात्रों ने खेल भावना को लेकर विचार रखे। यह जानकारी एलआर कदम ने दी।



**सौगात: विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जताया आभार**

# बकेला व सुतियापाट नहर विस्तारीकरण के लिए 121 करोड़ की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



पंडरिया विधानसभा के किसानों के हित और उन्हें सिंचाई हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से 121 करोड़ 92 लाख 66 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिली है। जिसके अंतर्गत बकेला के पास हाफ नदी में व्यपवर्तन योजना का निर्माण कार्य एवं फिडर तथा रमतला जलाशय का शीर्ष कार्य, नहरों का रिमाडलिंग कार्य एवं क्रांति जलाशय तथा देवसरा जलाशय के नहरों का रिमॉडलिंग, लाईनिंग तथा नहर विस्तारीकरण कार्य हेतु 82 करोड़ 53 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है, जिससे 2686.13 हेक्टेयर में सिंचाई हेतु जल आपूर्ति होगी एवं सुतियापाट जलाशय मध्यम सिंचाई परियोजना के बायीं तट मुख्य नहर का विस्तारीकरण तथा माइनर नहरों के निर्माण हेतु 39 करोड़ 38 लाख 86 हजार की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से 2916 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। कृषि एवं कृषक कल्याण हेतु पंडरिया विधानसभा को मिली इस सौगात के लिए विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, तत्कालीन जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए किसानों को बधाई दी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिस तत्परता से डबल इंजन भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। किसानों के हित को सर्वोपरि रखकर उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बना रही है, वह विकसित भारत का सशक्त प्रमाण है। आज पंडरिया विधानसभा के किसान भाई-बहनों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। सुतियापाट नहर विस्तारीकरण से 26 गांव में किसानों को 2916 हेक्टेयर से अधिक खरीफ क्षेत्र में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। वहीं बकेला जलाशय परियोजना से 2686 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि में सिंचाई हेतु जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



### विकास कार्यो और अधोसंरचना निर्माण के कार्य निरंतर प्रगति पर: विधायक पंडरिया

विधायक भावना ने बताया कि आज यह विकास कार्य क्षेत्र के किसानों और जनता के विशेष सहयोग से हो रहें हैं। विकास कार्यो और अधोसंरचना निर्माण के कार्य निरंतर प्रगति पर हैं। शासकीय योजनाओं से लेकर जनकल्याण के कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनहित के कार्य हो रहें हैं। विगत डेढ़ वर्षो में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यो व अधोसंरचना निर्माण हेतु 300 करोड़ से अधिक के कार्यो की स्वीकृति, सड़क, नाली, पुल-पुलिया, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था एवं जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

### भाजपा ने छत्तीसगढ़ में विकास कार्यो को नए पंख दिए: भावना

भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने सबसे पहले किसानों के हित में निर्णय लिया और दो वर्ष का बकाया धान बोनस एवं 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की, उन 18 लाख गरीब परिवारों के लिए निर्णय लिया। जिन्होंने अपने पक्के आवास का सपना देखा था, उन युवाओं के लिए निर्णय लिए जो रोजगार की तलाश कर रहे थे और जिनका भविष्य कांग्रेस ने सीजी-पीएससी जैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी। उन माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए निर्णय लिया गया जो पांच वर्षो तक अपेक्षित थी और आज महतारी वंदन योजना से 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की राशि उन्हें मिल रही है। आज इन संकल्पों को पूरा करते हुए भाजपा ने छत्तीसगढ़ में विकास कार्यो को नए पंख दिए। आज पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, अधोसंरचना निर्माण से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है, तो वहीं जनता को सुविधा भी मिल रही है।




# भीम रेजिमेंट व ग्रामीणों ने यूरिया खाद की कमी को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के कुंडा तहसीलदार के खाद गोदामों में यूरिया खाद की कमी को पूरा करने व निर्धारित कीमत से अधिक दर में खाद बेचने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

बताया जाता है कि खाद गोदाम में यूरिया खाद की अधिक कमी के कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही है, जिससे ग्रामीण किसानों की चिंता और बढ़ गई है। वहीं निजी दुकानदारों द्वारा निर्धारित कीमत से अधिक दर पर मनमानी रूप से खाद बेंचा जा रहे हैं। जिस पर भीम रेजीमेंट छत्तीसगढ़ एवं क्षेत्र के किसानों द्वारा कुंडा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्यवाही की अपील की गई। वहीं उक्त समस्या का समाधान एक सप्ताह के नहीं होने के स्थिति में क्षेत्र के किसानों व भीम रेजिमेंट द्वारा तहसील कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश मीडिया प्रभारी युवा प्रकोष्ठ बिनोद भास्कर, ब्लॉक प्रभारी नीलेश भास्कर, राजेश कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष सुरज अंचल, ब्लाक सचिव सावन सोनवानी, ब्लाक कोषाध्यक्ष दीपक कुर्रे, अश्विन भास्कर, आकाश पात्रे, नरेन्द्र अंचल, राजा अंचल सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# वन विभाग ने जब्त की अवैध लकड़ी आरोपी के खिलाफ की गई कार्यवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶रेंगाखार जंगल

वन विभाग ने अवैध रूप से वनोपज परिवहन करते वाहन एक को जप्त कर अवैध लकड़ी जप्त की है। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गत दिनो रात्रि करीब 07.25 बजे रामपुर परिसर के वन कक्ष क्रमांक 366 पीएफ से लगे हुए अस्थाई जलाऊ डिपों रामपुर के पास अवैध रूप से वनोपज परिवहन करते वाहन को जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 18073/22 के तहत ट्रैक्टर स्वराज वाहन क्रमांक सीजी 09 जेएल 6832 को ट्राली सहित जप्त किया गया है। इस मामले में आरोपी रमेश मेरावी पिता चरणसिंह मेरावी जाति गोंड़ आयु 45 वर्ष निवासी ग्राम सुतिया थाना पोस्ट रेंगाखार, वाहन मालिक के कब्जे से ट्रैक्टर-ट्राली में भरी साल चिरान 70 नग 1.702 घमी कीमत 59798.00 को जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध वन विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41 (2) ख एवं छत्तीसगढ़ वनोपज व्यापार विवरण अधिनियम 2001 की धारा 41 नियम 3 एवं 18 के तहत कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में सुश्री दीक्षा वर्मा, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल रेंगाखार तथा स्टाप का सराहनीय योगदान रहा है।

# प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा मे छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में विविध कार्यक्रम आयोजित

- छात्राओं में वाचन कौशल, दक्षता विकास हेतु विविध पुस्तकों का वाचन हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा मे छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने रजत जयंती वर्ष हर्षोल्लास मनाने उच्च कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के पालनार्थ घोषित निर्धारित समय सारणी 28 से 31 अगस्त व 1 से 7 सितंबर विद्यालय में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

वहीं 28 एवं 29 अगस्त को छात्राओं में वाचन कौशल दक्षता विकास हेतु विविध पुस्तकों का वाचन एवं पुस्तकों को गति एवं लय बुद्ध पढ़ने अधिक से अधिक संख्याओं में छात्राओं को भाग लेने एवं गतिविधि में संलग्न करने प्रभारी प्रधान पाठक दिलीप कुमार नागवंशी ने प्रेरित किया। वहीं सेवानिवृत प्रधानाध्यापक दिलीप सिंह ठाकुर छत्तीसगढ़ के राज्य गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ करते आगामी दिवसों में छात्राओं को पूर्व तैयारी करने विविध टिप्स दिए भाषा कौशल विकास हिंदी, संस्कृत व अंग्रेजी पुस्तकों के वचन का वीडियो तैयार किया गया।



शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने कार्यक्रम का संचालन किया, शिक्षिका श्रीमती ज्योति खरे ने कक्षा अनुरूप दक्षता विकास विभिन्न आयामों को सफल रूप देते अधिक से अधिक छात्राओं की प्रस्तुति देने सहयोग प्रदान किया। वहीं 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर का जन्मदिन के अवसर पर उनके जीवन परिचय एवं भारत के महान खिलाड़ियों जिन्होंने अपनी उपलब्धि से देश का गौरव बढ़ाया उनका परिचय एवं विविध खेलों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराते खेल दिवस पर शारीरिक दक्षता विकास सहायक छात्राओं के खान-पान उनकी ऊंचाई, वजन एवं कबड्डी खेल का अभ्यास श्रीमती उषा मिश्रा, श्रीमती नीलिमा तिवारी, श्रीमती सुनीता ठाकुर, श्रीमती मालती चंद्रवंशी ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी।

## खबर संक्षेप

### समतलीय करण के अभाव में स्कूल परिसर कीचड़ में तब्दील

**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम दौजरी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र परिषर कीचड़ में तब्दील तथा पहुंच मार्ग नही होने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि स्कूली छात्र छात्राओं को प्रार्थना करने में दिक्कते तथा बारिश का पानी से स्कूल परिषर कीचड़ व जल-भराव की स्थिति निर्मित होने से स्कूली परिषर कीचड़मय हो गया है। जिस पर ग्रामीणों व पालको ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा स्कूल परिषर को समतली करण तथा सीसी रोड निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को आने-जाने में सुविधा मिल सके।

# कुण्डा से महली पीएम सड़क जर्जर, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

शासन प्रशासन द्वारा एक ग्राम से दूसरे ग्राम को जोड़ने के लिए सड़कों का जाल बिछाया गया है। लेकिन अधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि कुंभकर्णी नींद में सोए हुए है तथा देखरेख के अभाव में ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम कुण्डा से महली प्रधानमंत्री सड़क अत्यंत जर्जर व सड़क में गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील होने के कारण आवाजाही बाधित हो रही है। वहीं ग्रामीण व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो तथा जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की भारी अनदेखी व अनियमितता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वहीं इस समस्याओं का सुध लेने वाला कोई नही है। बताया जाता है कि कुण्डा से महली पीएम सड़क पंडरिया को जोड़ने वाली व्यस्तम सड़क है लेकिन देखरेख व सुधार कार्य के अभाव में पीएम सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। सड़क पर राहगीरों का चलना दुर्भर हो गया है, सड़क पर केवल गड्ढे ही गड्ढे व कीचड़ से लथपथ नजर आ रहे है। जिस पर क्षेत्रीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा प्रधानमंत्री सड़क की मरम्मत कार्य को लेकर गुहार लगाई है ताकि राहगीरों को सुविधा व राहत मिल सकें।



### अप्रिया दुर्घटना को न्योता दे रहे पीएम सड़क

बताया जाता है कि कुण्डा तहसील कार्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, महाविद्यालय, 4 निजी स्कूल अन्य कार्यालय होने की वजह से आम नागरिकों एवं स्कूली छात्र छात्राओं को अतिरिक्त 10 किलोमीटर की अधिक दूरी तय कर स्कूली बच्चे शिक्षा ग्रहण करने कुण्डा पहुंचते है। वहीं खासी परेशानियां स्कूली छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में उठानी पड़ रही है। पीएम सड़क बदहाल होने के कारण कुण्डा से महली सड़क दुर्घटना को न्योता दे रही है।

# कुपोषण दूर करने शिशु संरक्षण माह 29 अगस्त से 30 सितम्बर तक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 29 अगस्त से 30 सितंबर तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य 5 वर्ष से कम उम्र के शिशुओं में कुपोषण जनित बीमारियों में कमी लाना है। इस माह के दौरान बच्चों को विटामिन ए सिरप, आयरन फोलिक एसिड सिरप दिया जाएगा और उनका टीकाकरण भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत उप स्वास्थ्य केंद्र पालीगुढ़ा अंतर्गत ग्राम घुघरी खुर्द में परषोत्तम पटेल सरपंच द्वारा 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाते हुए शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया और आयरन सिरप वितरण किया गया। वहीं बीएमओ डॉ विनोद चंद्रवंशी द्वारा उपस्थित समुदाय को शिशु संरक्षण माह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया एवं बीईटीओ एलके सोनी द्वारा सभी बच्चों का ड्यू लिस्ट का निरीक्षण किया गया। शिशु संरक्षण माह का एक ही नारा स्वस्थ बच्चा स्वस्थ गांव हमारा का विस्तार से जानकारी दिया गया।



**न्यायालय-द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कबीरधाम (छ.ग.)**

उत्तराधिकार न्यायालय प्रकरण क्रमाक 06/2025
पेशी तारीख 22/09/2025
प्रोसेस नंबर............ /2025

**गोकुल प्रसाद यादव............................वादी**
**विरूद्ध**
**बैंक आफ बड़ौदा......................... उत्तरवादी**

**बनाम:-01. आम जनता**

क्योंकि अपीलार्थीगण ने आपके खिलाफ सिविल अपील अंतर्गत धारा 96 सि.प्र.सं. सहपठित आदेश 41 नियम 01 के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 22.09.2025 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज तारीख 20.08.2025 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

**टीप- यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस मे होगी।**

मुहर

**(पल्लव रघुवंशी)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**कलेक्टर ने पटवारियों को प्रतिवेदन, आवश्यक अभिलेख निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करने दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने रेंगाखार तहसील न्यायालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र रेंगाखार तहसील में राजस्व प्रकरणों का निराकरण तीव्र गति से किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने रेंगाखार पहुंचकर तहसील न्यायालय का औचक निरीक्षण कर राजस्व मामलों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील न्यायालय में दर्ज प्रकरणों, लंबित मामलों तथा सुनवाई के लिए निर्धारित तैयार प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, आरबीसी 6-4 सहित समय-सीमा पार कर लंबित प्रकरणों की स्थिति का अवलोकन किया और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी सागर सिंह, डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन, नायब तहसीलदार अखिलेश ध्रुव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान लंबित मामलों की फाइलों की स्वयं समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली।



उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राजस्व संबंधी जन-समस्याओं का निराकरण केवल औपचारिकता न होकर पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता के छोटे-छोटे कार्यो में अनावश्यक विलंब न हो और प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों एवं हल्का पटवारियों को विशेष रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि सभी प्रकार के जांच प्रतिवेदन और आवश्यक अभिलेख निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाएं, ताकि सुनवाई और निराकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

श्री वर्मा ने कहा कि राजस्व कार्यो में पारदर्शिता और गति दोनों आवश्यक हैं। यदि अधिकारी और कर्मचारी समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करते हैं तो कार्यवाही लंबित होती है, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करें।

# सिम्फनी म्यूजिकल ग्रुप स्वरांजली का तृतीय वर्ष कार्यक्रम 31 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

नगर पंचायत पंडरिया में प्रतिवर्षानुसार की भांति तृतीय वर्ष सिम्फनी म्यूजिकल ग्रुप एवं समस्त नगरवासी पंडरिया के ओर से स्वरांजली 3.0 का आयोजन 31 अगस्त रविवार को सामुदायिक भवन पंडरिया मे किया जाएगा। यह एक संगीत कार्यक्रम है जो राज्य स्तरीय आयोजन होता है, इस वर्ष भी जिले के अलावा मुंगेली, बिलासपुर, बेमेतरा, गरियाबंद, कोरबा जिले के गायक कलाकार पंडरिया मे अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम सुबह के 9 से रात्रि 10 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें लगभग 50 गायिकाओ ने अपना पंजीयन कराया है, आयोजको के द्वारा प्रस्तुति के लिए 2 राउंड निर्धारित किया गया है, जिसमें पहला राउंड सोलो राउंड और दूसरा राउंड डुवेट का होगा क्रमशः सभी कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे प्रत्येक कलाकार के लिए हर राउंड मे 5.30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। इस शानदार तृतीय वर्ष भव्य एवं सुमधुर गीत गायन कराओ के कार्यक्रम कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सुमधुर गीत गायन का आनंद उठाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। आयोजको के द्वारा सभी संगीत-प्रेमियों को आमंत्रित कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साह वर्धन करें और संगीत का आनंद ले। कार्यक्रम के आयोजक गण विकास शुक्ला, पवन पाठक, राजीव श्रीवास्तव और श्रीमती नीतू भट्ट ने कार्यक्रम के संबंध मे जानकारी दी।

**खबर संक्षेप**

## खेल दिवस प्रतियोगिता का आयोजन

**बोड़ला।** शासकीय हाई स्कूल बैरख के सभागार में शुक्रवार को शासकीय हाई स्कूल बैरख एवं माध्यमिक विद्यालय बैरख के विद्यार्थियों ने बारी-बारी से पुस्तक स्पीड रीडिंग किया जो सराहनीय था। शासकीय हाई स्कूल से मालती, बीना, नीरा, जगदीश, सुमीत एवं माध्यमिक विद्यालय से महादेव मेरावी, रेशमा धुर्वे, गायत्री मेरावी आदि ने अच्छी प्रस्तुति दी। सभी को सात सितम्बर को पुरस्कृत किया जाएगा।

वहीं खेल दिवस के अवसर पर आज शतरंज, बेडमिंटन, लम्बी कूद, रस्सी कूद क्रिकेट, आदि खेल खिलाया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है ताकि खेल जगत के दिग्गजों को सम्मानित किया जा सके और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा दिया जा सके। वर्ष 2025 का विषय, शांतिपूर्ण समाज को बढ़ावा देने के लिए खेल एकता और टीम वर्क को बढ़ावा देने में खेलों की भूमिका पर जोर देता है। कार्यक्रम में प्राचार्य सोहनकुमार यादव, संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, शिक्षक केशव प्रसाद भारद्वाज एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में 30 अगस्त 2025 को 11 बजे बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

## विभिन्न निर्माण कार्यो का किया गया भूमिपूजन

**कवर्धा।** ग्राम पंचायत गंडई खुर्द में शुक्रवार को शासन द्वारा स्वीकृत विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के भाजपा जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने शुक्रवार को ग्राम गंडई खुर्द में स्वीकृत सीसी रोड, पुलिया, नाली सहित अन्य कार्यो का भूमिपूजन किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो जिला अध्यक्ष एवं जिला सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू मौजूद रहे। उनके साथ बोड़ला मंडल अध्यक्ष मोहन धुर्वे, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास्तव, महामंत्री झम्मन चंद्रवंशी व राजेश साहू, मंडल भाजयुमो अध्यक्ष अमित वर्मा, जनपद सदस्य नरेश चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष काशीराम उइके, पूर्व जनपद सदस्य काशीराम साहू, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष अजय वर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


**आक्रोश: ग्राम रेंहुटा खुर्द के ग्रामीणों में नाराजगी, दी चेतावनी**

# शिकायत के महीनेभर बाद भी नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा विधायक और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा हाल ही में बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में व्याप्त विद्युत समस्या के निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बाद भी खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था सुधरते नहीं दिखाई दे रही है। जिसकी खामियाजा आम उपभोक्ताओं के साथ ग्रामीण किसानों को भी भुगतनी पड़ रही है। इसकी एक बानगी ग्राम रेंहुटा खुर्द में साफ देखी जा सकती है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो ग्राम रेंहुटा के ग्रामीण व किसानो को विद्युत आपूर्ति कराए जाने विभाग द्वारा 63 एचपी का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जो बीते करीब महिने भर से जला पड़ा है। उन्होने बताया कि इसकी जानकारी तत्काल विद्युत विभाग को देते हुए क्षेत्र में लगातार बढ़ रही विद्युत की खपत को देखते हुए ग्रामीणों ने अब जल चुके 63 एचपी के ट्रांसफार्मर के स्थान पर 100 एचपी का ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है। लेकिन ग्रामीणों की माने तो आवेदन देने के करीब महिने भर बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके चलते ग्रामीणों को बगैर बिजली के गुजारा करना पड़ रहा है। गांव में बिजली नहीं होने के कारण जहां ग्रामीणों का दैनिक कामकाज अस्त व्यस्त हो चुके हैं वहीं पेयजल जल की किल्लत खड़ी हो रही है। इसके अलावा खेती किसानी के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने लगातार बढ़ती जा रही समस्याओं को देखते हुए शासन, प्रशासन तथा विद्युत विभाग से खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर 100 एचपी का ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है।

**पीड़ित ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी**



ग्राम रेंहुटा खुर्द के पीड़ित ग्रामीणों व किसानो ने विद्युत विभाग को चेतावनी दी है कि जल्द ही गांव का बिगड़ा ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो वे 1 सितम्बर को राष्ट्रीय राज मार्ग पंडरिया से मुंगेली-बिलासपुर रोड को बंद करने और धरना प्रदर्शन करने बाध्य हो जायेंगे। ग्रामीणों ने अपनी इस मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया को ज्ञापन भी सौंपा है लेकिन कार्यवाही अब तक शून्य है।



# आबकारी विभाग ने अवैध शराब निर्माण,भंडारण और विक्रय पर की कार्रवाई

- बड़ी मात्रा में महुआ की अवैध शराब तथा महुआ लाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गत 29 अगस्त को की गई कार्रवाई में कुल 03 प्रकरण दर्ज किए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग को जिले के कुछ ईलाकों में महुआ की अवैध शराब बनाने और बेंचने की जानकारी मिली थी। जिसके आधार पर आबकारी विभाग ने टीम गठित कर संबंधित ठिकानो में दबिस देकर कुल 105 बल्क लीटर महुआ से बनी अवैध शराब कीमत लगभग 10,500 रूपए तथा 840 किलो ग्राम महुआ लाहन कीमत लगभग 42,000 रूपए जप्त कर मौके पर नष्ट करने की कार्यवाही की है। पहले प्रकरण में विभाग ने ग्राम सरोधा निवासी जयता राम मेरावी के मकान से 15 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त कर आरोपी के विरूद्ध अवैध विक्रय करने के लिए शराब धारण करने पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध न्यायिक रिमांड की कार्यवाही की है।

इसी प्रकार दूसरे प्रकरण में ग्राम सरोधा निवासी शौकी राम के मकान से 15 बल्क लीटर महुआ शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया है। बताया जाता है कि आबकारी विभाग के मौके पर पहुंचने की सूचना मिलने पर आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है वहीं तीसरे प्रकरण में ग्राम सरोधा नाला किनारे 05 डिब्बों में कुल 75 बल्क लीटर महुआ शराब, 42 डिब्बों से कुल 840 किग्रा महुआ लाहन लावारिस हालत में बरामद कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# 3000 नशीली टैबलेट के सौदागर पर शिकंजा, आरोपी गिरफ्तार

## पंडरिया पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी के घर टेबलेट जप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए नशीली दवा बेंचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बड़ी मात्रा में नशीली दवा की टेबलेट बरामद की है।

आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 197/2025 धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सटीक मुखबिर सूचना और लगातार निगरानी के बाद पुलिस ने आरोपी सूरज सोनी आयु 40 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 09, बैरासिन चौक पंडरिया के घर में दबिस देकर तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एलप्राजोलम टेबलेट 0.5 एमजी के कुल 3000 नग (लगभग 480 ग्राम) बरामद किए है। जिनकी कीमत करीब 7200 रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार यह दवा एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिबंधित श्रेणी में आती है और नशे के रूप में इसका दुरुपयोग किया जाता है। आरोपी के खिलाफ थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 197/2025 धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालयीन कार्रवाई की गई तथा आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पंडरिया निरीक्षक नितिन तिवारी, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, उप निरीक्षक ज्ञान सिंह कोरेटी, सहायक उप निरीक्षक मानिक राम सिन्हा, प्रधान आरक्षक हरिश्चंद्र साहू, साइबर सेल के चुम्मन साहू, वैभव सिंह कल्चुरी, अभिनव तिवारी, आरक्षक नारायण पटेल, संदीप शुक्ला, अभिषेक शर्मा, ओम प्रकाश, राजा राम, हुकुम माथुर तथा महिला आरक्षक रतनी मरावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने मेडिकल संचालकों और पदाधिकारियों की बैठक लेकर सख्त चेतावनी दी कि यदि किसी भी मेडिकल में अवैध रूप से नशीली दवाओं का भंडारण या बिक्री पाई गई तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे और बाल अपराध की जड़े आपस में जुड़ी हैं। नशे का अवैध कारोबार न केवल समाज को खोखला करता है, बल्कि बच्चों और युवाओं को अपराध की तरफ धकेलता है। कबीरधाम पुलिस इस गंदे धंधे की हर कड़ी तक पहुंचेगी और आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे ही अंतिम ठिकाना मिलेगा। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि आसपास कोई व्यक्ति नशीले पदार्थों का कारोबार करता है या बच्चों व युवाओं को इस गंदे धंधे में धकेलने की कोशिश करता है, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। हर सूचना पर त्वरित और ठोस कार्रवाई की जाएगी। कबीरधाम पुलिस का साफ संदेश है नशे और बाल अपराध में लिप्त लोगों के लिए जेल ही अंतिम मंजिल है।

## रजत जयंती पर छिरहा में पुस्तक वाचन



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य की रजत जयंती के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल छिरहा में एक विशेष पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि यह आयोजन न केवल राज्य की 25 वर्ष की यात्रा का उत्सव मनाने का एक तरीका था, बल्कि इसने छात्रों में पढ़ने की आदत को भी प्रोत्साहित किया। इस तरह के कार्यक्रम शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देते हैं और युवा पीढ़ी को अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छत्राएं शामिल रहे।

# गुरुकुल स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर के प्रतिष्ठित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना कर उनके जीवनी के बारे में शाला के सभी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। जिससे सभी विद्यार्थी प्रेरित हुए और खेल दिवस के महत्व को समझे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रोमांचक पिरामिड का प्रदर्शन किया गया। जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। छात्रों और छात्राओं का बालीबॉल मैच भी कराया गया। छात्र एवं शिक्षकों के बीच मैत्रीपूर्ण बालीबॉल मैच हुआ जिसका दर्शकों ने पूरा आनंद उठाया। इस अवसर पर विद्यालय के गत वर्ष के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया । वही विद्यालय के खेल शिक्षक ने बताया कि गुरुकुल विद्यालय से अभी तक 18 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एवं 28 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व कर चुके है जिसमे से अधिकतर खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ में पदक लाकर विद्यालय के साथ साथ प्रदेश का भी नाम रोशन किया। उसके तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षको के द्वारा खेलो के महत्व को बताते हुए हॉकी, फुटबॉल, बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, पॉवरलिफ्टिंग, इत्यादि खेलो की सामग्रियो की जानकारी एवं खेल के प्रति लगाव रखने की प्रेरणा दी। खेल दिवस के अवसर पर संस्था के अध्यक्ष, प्राचार्य एवं समस्त पदाधिकारीगण ने खेल दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की।

## सहसपुर लोहारा कॉलेज में खेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**स लोहारा।** सहसपुर लोहारा के शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम में सौ मीटर दौड़ पुरुष वर्ग एवं रस्सा कस्सी महिला वर्ग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें महाविद्यालय की एनएसएस, रेड क्रॉस, एनसीसी, रेड रिबन के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो को महाविद्यालय की ओर से पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ केएस परिहार, संदीप कुमार सोनकर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी , दीपक पटेल, गौरव जायसवाल, सुश्री अंजु महोबिया, सुश्री काजल साहू, डॉ ज्योति चंद्रवंशी, डॉ खिलेश्वरी चंद्रवंशी, विवेक चौहान, लक्ष्मीकांत वर्मा, गिरधारी वर्मा ,डॉ रुपेश कुमार वर्मा, तथा समस्त छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## जिले के 24 गांवों में बन रहा मिनी स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने कबीरधाम जिले में 24 मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। इसमें ग्राम दौजरी, बदरा डीह, बैजलपुर-मक्के, उसरवाही, झलमला, चिल्फी, खैरबना, बंदरची, जिटाटोला, खारा, सूरजपुरा, बदौड़ा खुर्द, सिघनपुर जंगल, दुल्लापुर, घुघरीकला, पवंतरा, नेवारी, तीतरी, सिल्हाटी, अमलीडीह, भोंदा, कांपा, कामाड़बरी और नेउर गांव खुर्द में मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे है।

## मैराथन दौड़...




**कवर्धा।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला मुख्यालय कवर्धा में मैराथन दौड़ का किया गया आयोजन।

**विटामिन-ए और आयरन सिरप से बच्चों को मिलेगा स्वास्थ्य सुरक्षा कवच**

# कबीरधाम जिले में नपाध्यक्ष ने किया शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कबीरधाम में आज से शिशु संरक्षण माह की शुरुआत हुई, जो 29 अगस्त से 30 सितम्बर 2025 तक पूरे जिले में संचालित होगा। इस अभियान का शुभारंभ आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में हुआ, जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष माननीय चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने की। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार तुरे, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सलील मिश्रा, डॉ. हर्षित, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती लता शर्मा, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानीन दीदियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस विशेष अवसर पर डॉ. तुरे ने जानकारी देते हुए बताया कि शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत 9 माह से 59 माह तक के बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाया जाएगा तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन एवं फोलिक एसिड सिरप की बोतलें वितरित की जाएंगी। जिले में लगभग 93,273 बच्चे विटामिन-ए और 98,759 बच्चे आयरन-फोलिक एसिड सिरप के हितग्राही हैं। इन सभी तक सेवाएं स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानीन बहनों की मदद से पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को रतौंधी, बिटॉट स्पॉट, मोतियाबिंद और खून की कमी जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाना है। शासन के निर्देशानुसार यह अभियान कुल दस सत्रों में संचालित होगा और प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाएं दी जाएंगी। शिशु संरक्षण माह के दौरान बच्चों को विटामिन-ए सिरप हर छह माह के अंतराल पर पिलाया जाएगा। साथ ही आयरन फोलिक एसिड सिरप का वितरण, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों का वजन लेकर पोषण स्थिति का आकलन, अभिभावकों को संतुलित आहार की जानकारी और अति गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्रो में भर्ती करने की कार्रवाई भी की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. तुरे ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी टीकाकरण केन्द्र्र अवश्य लेकर आएं।




# राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला स्तरीय मैराथन दौड़ में प्रतिभागियों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा आज स्वामी करपात्री मैदान, कवर्धा में जिला स्तरीय मैराथन दौड़ कार्यक्रम का आयोजन बालक-बालिका वर्ग के लिए पृथक-पृथक किया गया, जिसमें वृहद् संख्या में प्रतिभागी बच्चों द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य देश के सभी जिलों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना तथा समाज में नशा मुक्त वातावरण तैयार करना है। यह अभियान वर्ष 2020 में प्रारंभ किया गया था और इस वर्ष यह अपने पांच वर्ष पूर्ण कर रहा है, जो अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बालिका वर्ग के लिए 1200 मीटर एवं बालक वर्ग के लिए 2500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता कराया गया। बालिका वर्ग 1200 मी.दौड़ में कु. निशी मेरावी ने प्रथम स्थान, कु.मनीषा धुर्वे ने द्वितीय स्थान, कु.रत्ना आनत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालक वर्ग 2500 मीटर दौड़ में योगजीत पटेल ने प्रथम स्थान, पंकज जायसवाल ने द्वितीय स्थान, तथा देवेन्द्र यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतीक चिन्ह, मेडल्स देते हुए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही हाकी खिलाडियों को खेल एवं युवा कल्याण द्ववारा टी-शर्ट वितरण किया गया है। कार्यक्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवागंन, उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पण्डा एवं एमके गुप्ता, सहायक संचालक शिक्षा विभाग, जिला कबीरधाम उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर और नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकरी जिला पंचायत एवं समस्त अधिकारियों द्वारा बच्चों को नशामुक्ति का संदेश देते हुए नशे से दुर रहने एवं अपने सगे-संबंधियों को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए नशामुक्ति करने के लिए जागरूक किया गया।